सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-250, पृष्ठ : 12 | शुक्रवार, 21 मार्च, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# जज के बंगले पर मिला कैश

## आग लगने पर मामला सामने आया, कॉलेजियम ने ट्रांसफर की सिफारिश की


**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर भारी मात्रा में कैश बरामद होने के बाद उनके ट्रांसफर की सिफारिश की गई है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने का फैसला किया है।

दरअसल, होली की छुट्टियों के दौरान जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित सरकारी बंगले पर आग लग गई थी। वे घर पर नहीं थे। परिवार के लोगों ने पुलिस और इमरजेंसी सर्विस को कॉल किया और आग की जानकारी दी। पुलिस और फायरब्रिगेड की टीम जब घर पर आग बुझाने गई तो उन्हें भारी मात्रा में कैश मिला। सूत्रों के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना को जब कैश



की जानकारी मिली तो पांच सदस्यीय कॉलेजियम ने उनका ट्रांसफर कर दिया।

सूत्रों के मुताबिक जब सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना को मामले की जानकारी मिली तो उन्होंने कॉलेजियम की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। इन-हाउस जांच पर भी विचार किया जा रहा है। अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, तबादले से संबंधित प्रस्ताव को जानबूझकर अपलोड नहीं किया गया है। जस्टिस यशवंत वर्मा को अक्टूबर 2021 में इलाहाबाद से दिल्ली हाई कोर्ट में भेजा गया था। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम के कुछ सदस्यों ने इस पूरे घटनाक्रम पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर जस्टिस वर्मा का सिर्फ तबादला किया जाता है, तो इससे न्यायपालिका की छवि धूमिल होगी। न्याय व्यवस्था पर लोगों का विश्वास कम होगा। कॉलेजियम के कुछ सदस्यों का सुझाव था कि जस्टिस वर्मा से इस्तीफा मांगा जाना चाहिए। अगर वे इनकार करते हैं, तो संसद में उन्हें हटाने के लिए महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए।



न्यायपालिका के अंदर भ्रष्टाचार का मुद्दा बहुत गंभीर मुद्दा है। SC को जजों की नियुक्ति प्रक्रिया पर विचार करना चाहिए। इसे और अधिक पारदर्शी होना चाहिए।

**कपिल सिब्बल**
SC बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

# दिल्ली में सौरभ भारद्वाज बने आम आदमी पार्टी के नये अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी से जुड़ी बड़ी खबर है। आप पीएसी की बैठक के बाद संदीप पाठक ने बताया कि कई मुद्दों पर चर्चा हुई है। सौरभ भारद्वाज को दिल्ली आप का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं महराज मालिक को जम्मू कश्मीर आप का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। मनीष सिसोदिया को पंजाब आप का प्रभारी बनाया गया है और गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी बनाया गया है। कुल 4 राज्यों में प्रभारी को मंजूरी दी गई है और 2 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष को मंजूरी दी गई है।

इसके साथ ही संदीप पाठक ने कहा कि दिल्ली चुनाव में सीएम ने जो 2500 देने का वादा किया था, उस पर भी चर्चा हुई है। होली और



### 2 राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष

दिल्ली प्रदेश अध्यक्षः सौरभ भारद्वाज
जम्मू कश्मीर, प्रदेश अध्यक्षः महराज मालिक

दीपावली में फ्री सिलेंडर देने का वादा दिया था, उसपर भी चर्चा हुई है। सीएम के वादे झूठे होते हैं। आप जो वादा करती है उसे पूरा करती है।

# लोकसभा में पास होगा यूनियन बजट अपनाई जाएगी गिलोटिन प्रक्रिया

**नई दिल्ली।** संसद में बजट सत्र के दूसरे भाग के तहत आज बड़ा दिन होने वाला है। लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय बजट को पास किया जाना है। इस प्रक्रिया के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी सांसदों को व्हिप जारी कर दिया है और लोकसभा में अनिवार्य रूप से मौजूद रहने को कहा है। आइए जानते हैं कि भाजपा ने अपने नोटिस में और क्या कुछ कहा है।

भाजपा ने सांसदों को जारी किए गए व्हिप में कहा है- लोकसभा में सभी भाजपा सांसदों को सूचना दी जाती है कि शुक्रवार को बजट 2025-26 की विभिन्न मांगों को पारित करने के लिए गिलोटिन किया जाएगा। इसलिए लोकसभा में भाजपा के सभी सांसदों से अनुरोध है कि वे पूरे दिन सदन में मौजूद रहें और सरकार के रुख का समर्थन करें। आपको बता दें कि हर साल बजट को पास कराने के लिए सत्ताधारी पार्टी अपने सांसदों को व्हिप जारी करती है। दरअसल, गिलोटिन को संसद में एक बड़ी रणनीति के रूप में देखा जाता है। गिलोटिन का इस्तेमाल किसी विधेयक को चर्चा की अनुमति दिए बिना पारित करवाने में तेजी लाने के लिए किया जाता है। अगर सरकार किसी विधेयक को जल्द से जल्द पारित कराना चाहती है और विपक्ष इसमें देरी कर रहा है तो संसद में गिलोटिन प्रक्रिया का इस्तेमाल किया जाता है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2025 को लोकसभा में केंद्रीय बजट पेश कर दिया था। वित्त मंत्री ने करीब 51 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया था।

# उत्तर कोरिया ने दागी विमानभेदी मिसाइल

**सियोल।** उत्तर कोरिया है कि मानता ही नहीं। दक्षिण कोरिया और अमेरिका की एक हरकत से उत्तर कोरिया बौखला गया। उसने आनन-फानन में विमानभेदी मिसाइल दाग दी। बताया जा रहा है कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने संयुक्त अभ्यास के तहत कई सुरंगों को उड़ा दिया। इससे




उत्तर कोरिया को अपने परमाणु हथियारों के नष्ट होने का खतरा सताने लगा है। लिहाजा उसने नई परमाणु भेदी मिसाइल दाग दी। उत्तर कोरिया के इस कदम से उसके पड़ोसी देश समेत अमेरिकी खेमे तक में हड़कंप मच गया है। उत्तर कोरिया ने अबकी बार नयी विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण करने का शुक्रवार को दावा किया है। बता दें कि उत्तर कोरिया ने ऐसे समय में यह दावा किया है जब उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ गंभीर कदम उठाने की हाल में धमकी दी है। उत्तर कोरिया के तानाशाह और खूंखार शासकों में शुमार किम जोंग उन अपने एक से बढ़कर एक कारनामों से साउथ कोरिया से लेकर अमेरिका तक के लिए सिरदर्द बने हुए हैं।



# 'केंद्रीय मंत्रियों समेत 48 नेता हनी ट्रैप में फंसे'

## कर्नाटक सरकार के मंत्री का दावा, जांच के आदेश



**बंगलुरु।** कर्नाटक की राजनीति में हनी ट्रैप के मामले ने तूल पकड़ लिया है। राज्य के विभिन्न दलों के विधायकों ने गुरुवार को आरोप लगाया है कि कर्नाटक में राजनीतिक लक्ष्य हासिल करने के लिए हनी ट्रैप की कोशिश की जा रही है। राज्य के मंत्री के एन राजन्ना ने सदन में ये भी दावा कर दिया है कि कर्नाटक में 48 लोग हनी ट्रैप का शिकार हुए हैं और उनके अश्लील वीडियो शेयर किए गए हैं। राजन्ना ने ये भी दावा किया है कि कई केंद्रीय मंत्री भी इसके जाल में फंसे हैं। हनी ट्रैप की शिकायत के बाद कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इन मामलों की हाई लेवल जांच का आश्वासन दिया है।

कर्नाटक के सहकारिता मंत्री के एन राजन्ना ने कहा- लोग कहते हैं कि कर्नाटक में सीडी (कॉम्पैक्ट डिस्क) और पेन ड्राइव बनाने वाली फैक्टरी है। मुझे पता चला है कि राज्य में 48 लोगों की सीडी और पेन ड्राइव मौजूद हैं। यह नेटवर्क पूरे भारत में फैला हुआ है और कई केंद्रीय मंत्री भी इसके जाल में फंसे हैं।

इससे पहले राज्य के लोक निर्माण मंत्री जारकीहोली ने भी दावा किया था कि राज्य के एक वरिष्ठ मंत्री पर हनी ट्रैप के दो असफल प्रयास किये गये हैं। जारकीहोली ने पत्रकारों से कहा कि यह कर्नाटक में हनी ट्रैप की पहली घटना नहीं है।

हनी ट्रैप के मुद्दे पर मचे बवाल पर राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने मामलों की उच्चस्तरीय जांच का भरोसा दिया है। गृह मंत्री ने विधानसभा में कहा, यदि हमें अपने सदस्यों की गरिमा बनाए रखनी है तो हमें ऐसी घटनाओं पर रोक लगानी होगी। यह एक गंभीर मुद्दा है। उन्होंने कहा, मैं इसकी उच्चस्तरीय जांच का आदेश दूंगा। कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष ने मंत्रियों और राजनीतिक नेताओं को हनीट्रैप में फंसाने के प्रयास के आरोपों की न्यायिक जांच की मांग की है। इस मांग पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा- एक बार शिकायत दर्ज होने के बाद, जांच की जाएगी। किसी को बचाने का कोई सवाल ही नहीं है। गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर ने पहले ही उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं।

# सीएम ने साहित्य उत्सव 'टाइमलेस अयोध्या' किया शुरू



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज अयोध्या दौरे पर हैं। सुबह करीब सवा 10 बजे उनका हेलीकॉप्टर अयोध्या के रामकथा पार्क में लैंड हुआ। यहां से वह रामलला का दर्शन करने के लिए रवाना हो गए। उन्होंने पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन किए और फिर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। आज करीब साढ़े चार घंटे अयोध्या में रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने महाराजा पैलेस राज सदन में दो दिनों तक चलने वाले साहित्य उत्सव टाइमलेस अयोध्या का शुभारंभ किया। यहां पर उनके साथ प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, प्रख्यात लोक गायिका मालिनी अवस्थी, संगीत अध्येता और आयोजक यतींद्र मिश्र भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने राज सदन में अशोक के वृक्ष को जल अर्पण कर टाइमलेस अय्योध्या कार्यक्रम उद्घाटन किया। उनके स्वागत के लिए सपा के बागी विधायक अभय सिंह भी पहुंचे हैं। सपा विधायक के खिलाफ जानलेवा हमले के मामले में जल्द ही फैसला आने वाला है।

20 अप्रैल 2024 को आए फैसले में दो जजों की बेंच में से एक जज ने उन्हें दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी।

## ट्रेन में सवार हुआ था सिपाही, 10 मिनट बाद पटरी पर मिला शव

**हरिद्वार।** ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ के सिपाही अरविंद तोमर प्लेटफार्म पर पहुंची साप्ताहिक हुबली-ऋषिकेश एक्सप्रेस ट्रेन में चढ़े थे। करीब 15 मिनट तक रुकने के बाद जब ट्रेन यहां से रवाना हुई तो रेल लाइन पर अरविंद का शव पड़ा मिला। ये बात जीआरपी जांच में निकलकर सामने आई है।मौत हादसे में हुई या फिर आत्महत्या की गई है, इन पहलुओं पर जांच चल रही है। साथ ही अन्य एंगल पर भी पुलिस का फोकस है। अधिकारियों के मुताबिक जोनमाना बड़ौत बागपत निवासी अरविंद तोमर एक अगस्त 2015 को आरपीएफ में भर्ती हुए थे। उनकी पोस्टिंग दक्षिण रेलवे में रही। उनकी पत्नी प्रीति तोमर भी आरपीएफ में रुड़की में तैनात है। अरविंद ने 24 फरवरी को हरिद्वार आरपीएफ में पोस्टिंग हुई। उनकी करीब पांच साल की बेटी है, जबकि पिछले महीने ही पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया था। बेटे का जन्म होने पर वह 15 दिन की छुट्टी पर गए थे और 18 मार्च को ही ड्यूटी ज्वाइन की थी।

# हिमाचल के चार जिलों में हिमस्खलन की चेतावनी




**शिमला।** केंद्रीय रक्षा मंत्रालय के रक्षा भू सूचना विज्ञान अनुसंधान प्रतिष्ठान (डीजीआरई) ने कुल्लू, लाहौल-स्पीति, किन्नौर, चंबा के साथ जम्मू-कश्मीर और लद्दाख इलाके में हिमस्खलन गिरने की चेतावनी जारी की है। उधर, बर्फबारी से लाहौल घाटी और कुल्लू में करीब 99 सड़कें अभी भी ठप हैं। इन दोनों जिलों में मौसम साफ होने के बाद भी दुश्वारियां बरकरार हैं। वहीं राज्य में अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है। आगामी दिनों में तापमान में और वृद्धि होने की संभावना है। बिलासपुर में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार शुक्रवार को उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी हो सकती है। 22 से 25 मार्च तक पूरे प्रदेश के मौसम साफ रहेगा। 24 मार्च को एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से 25 व 26 मार्च को कुछ स्थानों पर मौसम खराब रहने का पूर्वानुमान है।

# प्राथमिकी में सिर्फ पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन नामजद

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की सरकार में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) समेत अन्य विभागों के मंत्री रहे सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर दर्ज मामले में सिर्फ उन्हीं को ही नामजद किया गया है। दूसरे नामों को लेकर अन्य लिखा हुआ है। दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) प्रमुख संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा ने बताया कि सत्येंद्र जैन के खिलाफ आई काफी शिकायतों में कहा गया है कि सीसीटीवी कैमरे भी पूरे नहीं लगाए गए थे। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के कर्मचारी की ओर से दी गई शिकायत में कहा गया है कि 571 करोड़ रुपये की कीमत के सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना में बीईएल पर लगाए गए 16 करोड़ रुपये के जुमार्ने को पूर्व मंत्री ने 7 करोड़ रुपये की रिश्वत लेकर माफ कर दिया।

कंपनी को कुल 1.40 लाख कैमरे लगाने थे। कंपनी पर जुमार्ना लगने के बावजूद उसे 1.40 लाख सीसीटीवी लगाने का नया टेंडर भी दे दिया गया। ये भी आरोप है कि कैमरे अच्छी तकनीक व क्वॉलिटी वाले नहीं थे। इनमें से ज्यादा जगहों पर तो कैमरे लगाए ही नहीं गए। शिकायत में ये भी कहा गया है कि कई जगह लगाए गए कैमरे चले भी नहीं। शिकायतकर्ता ने कहा कि वह कंपनी की ओर से सीसीटीवी कैमरे लगाने की परियोजना में शामिल था। उसे पता है कि रिश्वत में रकम नकदी में दी व ली गई। एसीबी अधिकारियों का कहना है कि एसीबी अब पीडब्ल्यूडी व बीईएल कंपनी के पदाधिकारियों का पता लगाएगी।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर ब्रज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

# लंदन के पावर हाउस में लगी भीषण आग, हीथ्रो हवाई अड्डा बंद



**लंदन।** ब्रिटेन के एक पावर हाउस में भयानक आग लगने से लंदन की बिजली गुल हो गई है। इससे हीथ्रो हवाई अड्डा का संचालन भी फिलहाल के लिए बंद कर दिया गया है। इससे हवाई यात्रियों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि लंदन के एक विद्युत उपकेंद्र में आग लगने से बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण शुक्रवार को बंद रहेगा। विद्युत उपकेंद्र में आग लगने के कारण हवाई अड्डे और हजारों मकानों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।

पश्चिमी लंदन में एक विद्युत उपकेंद्र के ट्रांसफार्मर में आग लग जाने के बाद लगभग 150 लोगों को वहां से निकाला गया। हवाई अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा, हमारे यात्रियों और सहकर्मियों की सुरक्षा बनाये रखने के लिए हमारे पास हीथ्रो को शुक्रवार को पूरे दिन के लिए बंद करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उसने कहा, हमें अगले दिनों के दौरान बड़े व्यवधान की आशंका है, ऐसे यात्रियों को तब तक किसी भी परिस्थिति में हवाई अड्डे पर नहीं आना चाहिए जब तक वह फिर से नहीं खुल जाता। हवाई अड्डे ने कहा कि बिजली बहाल होने की सूचना मिलने पर वह अपने संचालन को लेकर ताजा जानकारी देगा।

लंदन अग्निशमन विभाग ने कहा कि दमकल की 10 गाड़ियां और लगभग 70 अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर हैं। सहायक आयुक्त पैट गॉलबोर्न ने कहा, आग के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है जिससे बड़ी संख्या में मकान और स्थानीय व्यवसाय प्रभावित हुए हैं। हम व्यवधान को सीमित करने के लिए अपने भागीदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में उपकेंद्र से आग की ऊंची लपटें और धुएं के बड़े गुबार निकलते दिखाई दे रहे हैं।

**रात के समय लगी थी आग**

स्कॉटिश और सदर्न इलेक्ट्रिसिटी नेटवर्क ने एक्स के जरिए बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से 16,300 से अधिक मकान प्रभावित हुए हैं।

आपातकालीन सेवाओं को आग लगने की सूचना बृहस्पतिवार रात 11 बजकर 23 मिनट पर मिली। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चल पाया है। गॉलबोर्न ने लोगों से सुरक्षा संबंधी सावधानी बरतने और प्रभावित क्षेत्र से दूर रहने की अपील की। आग बुझाने के प्रयास जारी हैं।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

शुक्रवार, 21 मार्च, 2025 www.nnindianews.com



# एटा हाईवे पर बोलेरो पलटी, दो की मौत

एनएनआई

**हाथरस।** अनियंत्रित होकर बोलेरो एटा हाईवे पर पलट गई। बोलेरो पलटने से उसके चालक और एक महिला की मौत हो गई। उसमें सवार छह लोग घायल हो गए, जिनमें से पांच को अलीगढ़ के मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 मार्च रात्रि करीब 11 बजे एक बोलेरो गाड़ी संख्या वृंदावन से एटा के खंगरपुर जा रही थी । रास्ते में संतुलन बिगड़ने के कारण एटा हाईवे के गांव टोली से पहले पलट गई। हादसे में चालक और महिला की मौत हो गई। बोलेरो में सवार छह लोग घायल हो गए।

घायलों को पुलिस ने सिकंदराराऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां से पांच गंभीर घायलों को अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया । घायल राखी का सीएचसी सिकंदराराऊ में ही प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।



**मृतकों का नाम**

चालक सत्यम पुत्र विमल गांव शीतलपुर थाना कोतवाली एटा उम्र करीब 25 वर्ष

सरोज पत्नी अवधेश गांव खंगारपुर थाना मिरहची जनपद एटा उम्र करीब 60 वर्ष

**घायलों के नाम**

सार्थक पुत्र कुलदीप निवासी गांव खंगरापुर थाना मिरहची जनपद एटा उम्र करीब 5 वर्ष,अर्णव पुत्र हरिकिशन गांव बिचपुरी थाना निधौली जनपद एटा उम्र करीब 6 वर्ष, पूजा पत्नी हरिकिशन गांव बिचपुरी निंदौली एटा 50 वर्ष, प्रीति पत्नी सुनील गांव खुशीपुरा थाना अतरौली अलीगढ़ उम्र करीब 40 वर्ष, निर्भय पुत्र हरिकिशन गांव बिचपुरी थाना निंदौली जनपद एटा 3 वर्ष, राखी पत्नी उपेंद्र निवासी खंगारपुर थाना मिरहची एटा

# हाईकोर्ट से स्टे लेने के फिराक में था प्रोफेसर रजनीश, होटल से पकड़ा



एनएनआई

**हाथरस।** एसओजी को आरोपी के मोबाइल से लोकेशन मिली कि वह प्रयागराज में है। इसके बाद हाथरस पुलिस की टीम प्रयागराज आई और लोकेशन के आधार पर सुभाष चौराहे के पास से आरोपी को दबोच लिया।

छात्राओं के यौन शोषण व दुष्कर्म के आरोपी भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. रजनीश कुमार ने सिविल लाइंस के होटल में अपना ठिकाना बनाया था। सिविल वर्दी में आए छह पुलिसकर्मियों की टीम ने 20 मार्च को उसे सुभाष चौराहे के पास से दबोचा लिया। गिरफ्तारी के बाद हाथरस पुलिस उसे सिविल लाइंस थाने ले गई, जहां कागजी कार्रवाई के बाद उसे अपने साथ हाथरस लेकर रवाना हो गई।

हाथरस पुलिस आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में 14 मार्च को एफआईआर दर्ज किया था। 19 मार्च को हाथरस एसओजी को आरोपी के मोबाइल से लोकेशन मिली कि वह प्रयागराज में है। इसके बाद हाथरस पुलिस की टीम प्रयागराज आई और लोकेशन के आधार पर सुभाष चौराहे के पास से आरोपी को दबोच लिया। पता चला कि उसने यहां के एक होटल में अपना ठिकाना बनाया हुआ था।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वह गिरफ्तारी से बचने के लिए हाईकोर्ट से स्टे लेने आया था। इस दौरान सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर स्थित होटल में दो दिन से रुका। तीन दिन से वह हाईकोर्ट से स्टे लेने के लिए चक्कर काट रहा था। बृहस्पतिवार को भी उसे हाईकोर्ट जाना था। लेकिन, उससे पहले ही वह पकड़ा गया।



# फिरोजाबाद में जर्जर इमारत ढही

**फिरोजाबाद** एनएनआई। थाना दक्षिण क्षेत्र में एक पुरानी जर्जर इमारत का अगला हिस्सा गिर गया। हादसे में एक कुत्ते की मौत हो गई और एक बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। इमारत छोटा चौराहा दूध वाली गली में स्थित है। घटना की जानकारी मिलते ही नगर विधायक मनीष असीजा और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गए। फायर विभाग की टीम को भी तुरंत बुलाया गया। इमारत में किराए पर रह रही एक महिला बाल-बाल बच गई। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में दिख रहा है कि इमारत गिरने से कुछ सेकंड पहले ही दो लोग वहां से गुजरे थे। अगर इमारत उस समय गिरी होती तो उनकी जान जा सकती थी। थाना प्रभारी ने बताया कि इस इमारत के 16 हिस्सेदार हैं, जो सभी बाहर रहते हैं। इमारत के गिरने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी व्यक्ति को कोई चोट नहीं आई।



# बेटी की ससुराल आए पिता की पीटकर हत्या

एनएनआई

**मथुरा।** छाता कोतवाली क्षेत्र में बेटी के ससुराल आए पिता की जेठ ने तवा और फूंकनी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्र ने बताया कि बृहस्पतिवार की दोपहर जैंत के परखम गुर्जर निवासी चंद्रपाल (52) अपनी बेटी की ससुराल सेवलगढ़ आए थे। यहां उन्होंने बेटी करीना से स्वर्गीय दामाद के कुछ कागजात मांगे। बेटी उन्हें कागजात देती इससे पहले ही बेटी का जेठ सुनील कुमार घर पहुंच गया। उसने चंद्रपाल को गाली देना शुरू कर दिया। इसका विरोध किया तो सुनील ने तवा, बांक और फूंकनी से उसके ऊपर प्रहार कर लहूलुहान कर दिया। बेटी करीना ने अपने पिता को बचाने का प्रयास किया तो उसे धक्का देकर एक ओर कर दिया। सुनील की पिटाई से चंद्रपाल मरणासन्न हालत में पहुंच गए।



करीना ने इसकी जानकारी पुलिस और अपने मायके वालों को दी। सूचना पर मायका पक्ष के लोग थाने पहुंच गए। पुलिस सूचना के बाद वारदात स्थल पर पहुंची। पुलिस घायल को लेकर निजी अस्पताल पहुंची। यहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए अन्य अस्पताल ले जाने की सलाह दी।

पुलिस उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंची। यहां उपचार के दौरान चंद्रपाल ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। फॉरेंसिक टीम ने हत्या से संबंधित काफी साक्ष्य एकत्रित किए हैं। उन्होंने बताया कि चंद्रपाल को पीटने में सुनील की मां के शामिल होने की बात सामने आ रही है, लेकिन अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

## डेढ़ माह पहले ही हुई थी दामाद की मौत

थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चंद्रपाल के दामाद लोकेश ने डेढ़ माह पहले किसी बात से क्षुब्ध होकर फंदा लगाकर अपनी जान देने की कोशिश की। परिजन को सही समय पर सूचना मिली तो उन्हें फंदे से उतारा और उपचार के लिए अस्पताल ले गए। यहां से उसे राजस्थान के अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। 20 फरवरी को उपचार के दौरान लोकेश ने दम तोड़ दिया। तब से करीना अपनी ससुराल में ही रह रही थी। लोकेश और करीना का विवाह छह साल पहले हुआ था। उनके दो बच्चे हैं। लोकेश ने कुछ बीमा आदि कराए थे, इसी के कागजात लेने के लिए चंद्रपाल बेटी करीना के घर गए थे। पिता की मौत के बाद करीना हतप्रभ है। वारदात के बाद वह अपने बहनोई के साथ मायके चली गई।

NNI हर खबर पर पक्की नज़र | न्यूज नेक्स्ट इंडिया





## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम देख मचा हड़कंप

# घरों पर लटके ताले

### एत्मादपुर के मोहल्ला शेखान में चर्बी से घी बनाने की जांच को पहुंची टीम

एनएनआई

**एत्मादपुर (आगरा)।** मोहल्ला शेखान में पांच दिन पूर्व गोकशी की सूचना पर डाले गए छापे के दौरान चार लोगों की गिरफ्तारी और चौदह आरोपियों के दौरान घनी आबादी में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से पशु कटान होने और भारी मात्रा में मृत जानवरों की चर्बी बरामद होने पर अब सरकारी महकमों की तंत्रा टूटती दिखाई दे रही है। कल शाम खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम मुस्लिम बहुल मोहल्ला शेखान में पहुंची तो अवैध कट्टी करने वालों में एक बार फिर भगदड़ मच गई। कई घरों के दरवाजों पर देखते-देखते ताले लटक गए। इस दौरान आगरा से आई टीम में शामिल अधिकारी बंद मकानों के किवाड़ों की दरारों से सिर्फ अंदर झांकने से ज्यादा कुछ भी नहीं कर सके। टीम के साथ सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस फोर्स भी मौजूद रहीं।

बीते सोमवार को नगर की मुस्लिम बस्ती मोहल्ला शेखान में पुलिस ने उस्मान, फरमान और बबलू कुरैशी के घरों में अवैध रूप से संचालित अवैध कट्टी होते पकड़ी थी। मौके से पुलिस को 275 किलो ग्राम पशुओं का मांस, हड्डियां, खालों के अलावा उस्मान के घर से 82 टीन चर्बी का जखीरा मिला था। इस दौरान



उस्मान, बिल्कीस बानो, बबलू फरमान कुरैशी को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में उनके समेत 18 आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। गुरुवार को खाद्य सुरक्षा सहायक आयुक्त मंडल सैयद शहनवाज हैदर के साथ सहायक आयुक्त शशांक त्रिपाठी, सहायक खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेन्द्र पांडेय व खाद्य सुरक्षा अधिकारी केपी सिंह यादव आदि की टीम चेकिंग के लिए पहुंचीं। इस दौरान टीम को देख अवैध कटान करने वाले ताले लगातार फरार हो गए। मुकदमा में नामजद 14 आरोपी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

# आजाद समाज पार्टी अध्यक्ष के खिलाफ टिप्पणी पर केस दर्ज

एनएनआई



**एत्मादपुर (आगरा)।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नगीना लोकसभा क्षेत्र के सांसद चन्द्रशेखर आजाद के खिलाफ इंटरनेट मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने पर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक पर केस दर्ज हो गया है। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष घर्मेन्द्र कुमार उर्फ रिंकू सेठ ने दर्ज कराए केस में कहा है कि बासबोडिया गढ़ी बच्ची के नरेंद्र त्यागी द्वारा इंटरनेट मीडिया पर सांसद चन्द्रशेखर आजाद के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए टिप्पणी करते हुए जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया है, जिससे समाज के लोगों में आक्रोश है। पुलिस ने इस मामले में नामजद युवक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 352, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण संसोधन 2015 की धारा 3 (1) द, 3 (2) वीए, सूचना प्रौद्योगिकी संसोधन अधिनियम 2008, 67 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## 10 हजार रुपये में तमंचा और 40 हजार में पिस्टल...

### इंस्टाग्राम पर सजाई दुकान, छह सप्लायर गिरफ्तार

एनएनआई



**आगरा।** थाना सदर की पुलिस ने इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड कर 10 हजार रुपये में तमंचा और 40 हजार में पिस्टल बेचने वाले गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक आरोपी फिरोजाबाद का चूड़ी व्यापारी आसिफ इकबाल है। वह अपने शस्त्र के लाइसेंस पर कारतूस शस्त्र विक्रेता से खरीदकर बेच रहा था। अवैध असलहे रंगबाजी और वारदात के लिए खरीदे जाते हैं, पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है।

अपर पुलिस आयुक्त संजीव त्यागी ने बताया कि डीसीपी सिटी सोनम कुमार और एसीपी सदर विनायक भोसले की टीम ने गिरोह को पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों में आदिल, अमजद, (रामगढ़, फिरोजाबाद), शुभम शर्मा उर्फ शुभम पंडित (धूलियागंज, कोतवाली), कासिम उर्फ रोबिन (रसूलनपुर, फिरोजाबाद), आसिफ इकबाल (रसूलपुर, फिरोजाबाद) और शैलेंद्र गुप्ता (थाना दक्षिण कोतवाली, फिरोजाबाद) हैं। आसिफ इकबाल का घर में चूड़ी कारखाना है। उसके पास शस्त्र लाइसेंस है। उसने एक पिस्टल और एक राइफल ले रखी है। वह अपने शस्त्र लाइसेंस की आड़ में शस्त्र की दुकान से कारतूस खरीदकर लाता था। उसे 40 कारतूस की डिब्बी 5680 रुपये में मिलती थी, जिसे वो 20 हजार तक में बेच देता था। उसके घर से तमंचे और पिस्टल बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक, आगरा में शुभम, फिरोजाबाद के आदिल और अमजद हथियारों की सप्लाई करते हैं। आरोपी 40 हजार रुपये में पिस्टल और 10 हजार रुपये में तमंचा बेचते हैं। कारतूस और मैगजीन भी उपलब्ध कराते हैं। इनकी सप्लाई मध्य प्रदेश और राजस्थान तक है। गिरोह के नेटवर्क को पुलिस खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि गिरोह फिरोजाबाद के लाइसेंसी शस्त्र विक्रेता से कारतूस लेते थे। अवैध तरीके से एक ही लाइसेंस धारक को बड़ी संख्या में कारतूस बेचे जा रहे थे। शस्त्र विक्रेता की रिपोर्ट डीएम फिरोजाबाद को भेजी जाएगी। इसके यहां कारतूस और असलहा की खरीद-फरोख्त का ब्योरा भी लिया जाएगा। गिरोह के अन्य आरोपियों की जानकारी भी की जा रही है।


**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

**- प्रबंधक विज्ञापन**


# पुलिस ने पकड़ा कई विवि की फर्जी डिग्रियों बनाने वाला रैकेट

एनएनआई

**आगरा।** एसटीएफ की गिरफ्त में आया धनेश मिश्रा एलएलबी पास है। वह 2 साल से अजीत नगर में दुकान से 4 ओपन विश्वविद्यालयों में प्रवेश की प्रक्रिया पूरी करा रहा था। इसकी आड़ में दिल्ली, झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश आदि राज्यों में स्थित विश्वविद्यालयों की फर्जी अंकतालिकाएं और डिग्री बनाकर दे देता था। इसके लिए संबंधित विश्वविद्यालय के बाबुओं से सेटिंग रखता था। वह जिन विश्वविद्यालयों में प्रवेश दिलाता था, उनके पढ़ने वाले विद्यार्थियों की कॉपियां भी कर्मचारी




युवतियों से खुद ही लिखवाता था। एक महीने में अंकतालिका थमा दी जाती थी। अब एसटीएफ के रडार पर फर्जी मार्कशीट और डिग्रियां बनवाने वाले लोग हैं।

एसटीएफ के निरीक्षक हुकुम सिंह ने बताया कि धनेश मिश्रा ने 12 हजार रुपये महीने पर एक घर लिया था। यह तीन मंजिला है। इसमें भूतल पर दो कमरों में दुकान संचालित थी। जिसमें 4 युवतियां काम करती थीं। वह छात्रों से बात करती थीं। सुभारती यूनिवर्सिटी, मंगलायतन यूनिवर्सिटी, सिक्किम ओपन बोर्ड और सुरेश ज्ञान विहार यूनिवर्सिटी में प्रवेश दिलवाया जाता था। प्रवेश लेने वालों को परीक्षा में भी सुविधा दिलाने का वादा किया जाता था। अतिरिक्त रकम देने पर युवतियां कॉपियां लिख देती थीं। इसके बाद इन्हें संबंधित विश्वविद्यालय में भेज दिया जाता था।

**यूनिवर्सिटी से भी फर्जीवाड़े की आशंका**

जुलाई में प्रवेश लेने वालों को 1 महीने बाद ही अगस्त में अंकतालिका तक दे दी जाती थी। ऐसे में यूनिवर्सिटी में भी फर्जीवाड़े की आशंका है। इस बारे में टीम जानकारी जुटा रही है। काम करने वाली युवतियों को 5 से 6 हजार रुपये प्रतिमाह मिला करते थे। एसटीएफ अब इन कर्मचारियों से भी पूछताछ करेगी। एसटीएफ ने आरोपी से जो कॉपियां बरामद की हैं, उनमें लिखावट एक जैसी है।

**ये था रेट**

- एमबीए के लिए 1.80 लाख से 2.40 लाख रुपये तक।
- बीए-बीकॉम-बीएससी के लिए 25 हजार से 40 हजार रुपये तक।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया
## अपना आगरा

05

शुक्रवार, 21 मार्च, 2025 www.nnindianews.com

# अधिकारियों को काम करने की मिले स्वतंत्रता

**राज्य वस्तु और सेवा कर अधिकारी लगातार कर रहे प्रदर्शन**

एनएनआई

**आगरा।** राज्य वस्तु और सेवा कर अधिकारियों ने मौन प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने उच्च अधिकारियों पर अनैतिक मौखिक आदेश से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। कहा कि अधिकारियों की प्रताड़ना से ही तंग होकर उनके साथी संजय सिंह ने गाजियाबाद में फ्लैट से कूदकर आत्महत्या भी कर ली थी।

उच्च अधिकारियों के अनैतिक दबाव और भय से सभी अधिकारी आहत हैं। ये अधिकारी दिन में काली पट्टी बांधकर विरोध करते हैं और शाम को 5 बजे से स्टेट जीएसटी विभाग के अधिकारी आगरा जोन कार्यालय पर मौन प्रदर्शन करते हैं। ये प्रदर्शन 12 मार्च से जारी है। उन्होंने अपने मृतक साथी अधिकारी के परिवार की मांग शासन को भेजी हैं। जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर सत्यव्रत ने बताया कि विभाग में प्रतिदिन मौखिक आदेश दिए जा रहे हैं, जिससे तनाव और भय का वातावरण है। जिसके चलते डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह ने भी आत्महत्या कर ली थी। इसी के विरोध में काली पट्टी बांधकर 12 मार्च से




प्रदर्शन चल रहा है।

असिस्टेंट कमिश्नर-2 जीएसटी विभाग अरुण कुमार श्रीवास्तव ने भी विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि कानूनी आधार पर जो कार्य निर्धारित किए गए हैं। उससे इतर मौखिक आदेश देकर अधिकारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्हें मानसिक प्रताड़ना दी जा रही है। इस भयाभय स्थिति से बाहर आकर काम करने दिया जाय। उन्होंने मांग की कि अधिकारियों को काम करने की स्वतंत्रता मिले।

जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर संजय सिंह ने गाजियाबाद 14वीं मंजिल से कूद कर जान दे दी। उनकी पत्नी ने इस घटना का जिम्मेदार सिस्टम को ठहराया। नौकरी और लगातार काम के दवाब को इस सब का जिम्मेदार ठहराया था।

# तू खाटू बुलाता रहे और मैं आता रहूं...

## रेशमी शर्मा के सुरों से श्यामप्रेमी हुए भावविभोर

एनएनआई

**आगरा।** वाटरवर्क्स स्थित अग्रवन में श्री श्याम सेवादार परिवार सेवा समिति की ओर से पंचम स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री श्याम के जयकारों के बीच कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संस्थापक अंकुर खण्डेलवाल, निष्कर्ष गुप्ता, अध्यक्ष रितेश गुप्ता और कोषाध्यक्ष आदित्य गुप्ता ने खाटू श्याम के समक्ष अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित कर किया।

श्याम प्रेमियों के दिलों पर राज करने वाली समस्तीपुर (बिहार) से आईं गायिका रेशमी शर्मा ने मंच पर आते ही श्याम बाबा के आगे शीश झुकाकर श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। जिनकी रहमत से होता हर वो काम है वो मेरा खाटू वाला श्याम है.. कनैह्या मेरी लाज रखना.... जैसे भजनों से सभी को भावविभोर कर दिया। फरीदाबाद से आये भजन गायक अंकित शर्मा ने लाज पे आंच बाबा आने ना पाए.., हम श्याम बिहारी के चेले है.. आदि भजनों से श्याम बाबा को खूब रिझाया। स्थानीय गायक राजा पुरोहित ने एक बार कनैह्या हम जैसो से मिलो.. भजन गाकर श्रद्धालुओ को मंत्रमुग्ध कर दिया।



**बेंगलुरु के फूलों से सजा दरबार**

श्याम बाबा का अलौकिक श्रृंगार बेंगलुरु और कोलकाता से आए बेला, चमेली, गेंदा, रजनीगंधा, ऑर्चिड, सफेद और लाल व गुलाब के फूलों से सजाया। कन्नौज के इत्रों की सुगंध ने श्याम दरबार को महका दिया। इस अवसर पर धीरज चौरसिया, शिवम शर्मा, गोपी पमनानी, सौरभ गर्ग, गोपाल गुप्ता, अरुण गुप्ता, कृष्णा अग्रवाल, आदित्य गुप्ता, संजीव कुमार, विवेक गुप्ता, नितिन सिंह, सुमित बंसल मौजूद रहे।

# ब्रजभाषा के फिल्मकारों का किया सम्मान

एनएनआई

**आगरा।** ग्लैमर लाइव फिल्म्स ने ब्रजभाषा में काम कर रहे फि ल्मकारों, गीतकारों, निर्देशक, म्यूजिक कंपनी आदि को मेमेंटो और पटुका पहनाकर सम्मानित किया।



ब्रज भाषा को आगे बढ़ाने में कई कलाकार काम कर रहे हैं। हाल ही में कुछ गीत भी हिट और वायरल हो रहे हैं जिसमें ह्लतेरे कारे कारे नैन, कोन से गाम की छोरी ह्र आदि चर्चित हैं। कलाकार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि अब ब्रज फि ल्म इंडस्ट्री बननी चाहिए। ब्रज भाषा के उत्थान और कलाकारों के प्रोत्साहन के लिए उनको सम्मानित किया गया।

फि ल्म लेखक निर्देशक सूरज तिवारी ने कार्यक्रम में बताया कि ब्रज फि ल्म इंडस्ट्री पूरे उत्तर प्रदेश की बिना पोल्युशन की बड़े रोजगार देने वाली इंडस्ट्री बन सकती है।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि सर्वेश अस्थाना भी थे जिन्होंने कला के प्रति, भाषा के प्रति समर्पित युवाओं को सम्मानित किया। बीनू यादव, कुष्मेन्द्र, सोनू सिकंदर आदि ब्रज का काम कर रहे हैं।

इस श्रृंखला में बॉबी राजपूत म्यूजिक लेबल मोर्धुन, शिव प्रताप सिंह ब्रज रिकॉर्ड म्यूजिक लेबल, अरुण सिमरा एक्टर डायरेक्टर, प्रिंस जेकेडी लेखक सिंगर, सुखबीर सिंह राइटर सिंगर, अजय यादव एक्टर सिंगर लेखक, अजय प्रकाश लेखक एक्टर डायरेक्टर, विशु सिंघानिया लेखक सिंगर, अंश कुमार लेखक आदि को सम्मानित किया गया।

# वीरांगना के आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि: वर्मा

**सपाइयों ने बलिदान दिवस पर अवंती बाई लोधी को किया याद**

एनएनआई

**आगरा।** सपाइयों ने प्रताप पुरा चौराहे पर वीरांगना अवंती बाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया। जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा- उनके आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। रानी अवंती बाई स्वाधीनता संग्राम में शहीद होने वाली पहली महिला वीरांगना थीं। उनके आदर्शों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है। 1857 की क्रांति में रामगढ़ की महारानी अवंती बाई रेवांचल के मुक्त आंदोलन की सूत्रधार थीं। अवंती बाई ने अंग्रेजों से ऐतिहासिक युद्ध किया, जो भारत की आजादी में बहुत बड़ा योगदान है। प्रमुख रूप से उपस्थित रहे प्रदेश सचिव रामसहाय यादव, सुरेंद्र चौधरी, पवन प्रजापति, राकेश धनगर, प्रदीप सिंह, मनीष कुमार, अंकुर चौहान आदि लोग मौजूद रहे



# होली मिलन में 23 को बिखरेंगे सामाजिक एकता के रंग

- अग्रवाल महासभा ने आमंत्रण पत्र का किया विमोचन

एनएनआई



**आगरा।** अग्रवाल महासभा का होली मिलन समारोह 23 मार्च को शाम 5 बजे कमला नगर स्थित महाराजा अग्रसेन सेवा सदन में आयोजित किया जाएगा। महासभा के पदाधिकारियों ने आमंत्रण पत्र कर कार्यक्रम की जानकारी दी। आयोजन महासभा के अध्यक्ष कान्ता प्रसाद अग्रवाल के निवास पर किया गया। महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

अध्यक्ष कान्ताप्रसाद अग्रवाल, महामंत्री विष्णु विहारी गोयल, कोषाध्यक्ष रामरतन मित्तल ने बताया कि होली मिलन समारोह में वृंदावन की मंडली मण्डली द्वारा फूलों की होली व राधा-कृष्ण व आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां होंगी। इस अवसर पर समाज सेवा में अग्रणी 100 से अधिक अग्रबंधुओं को सम्मानित किया जाएगा। महाराजा अग्रसेन ने समता प्रेम का भाव प्रदर्शित किया था, इसी संदेश के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि सुरेश चंद गर्ग, व सोमकुमार मित्तल होंगे। उद्घाटनकर्ता डॉ. रंचना बंसल व मुख्य वक्ता महेश गोयल होंगे।

इस अवसर पर संयोजक कुलवन्त मित्तल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सतेन्द्र अग्रवाल, डॉ. मंजू बंसल, कृष्ण मुरारी गोयल, सुभाष चंद गर्ग, वीरेन्द्र जैन, गजेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चंद अग्रवाल, देवेन्द्र बंसल, बृजेश अग्रवाल, बीएन अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, वीरेन्द्र कुमार गोयल, सुसील कुमार अग्रवाल, सुषाभ चंद अग्रवाल, अशोक कुमार गोयल, महेन्द्र बंसल आदि उपस्थित थे।

## होली मिलन में गजलों की फुहार से भीगा मन

**श्रीहरि सत्संग महिला समिति का होटल अतिथि वन में आयोजन**



**आगरा (एनएनआई)।** गांधी शांति पुरस्कार प्राप्त संस्था श्रीहरि सत्संग महिला समिति द्वारा होली मिलन कार्यक्रम में हास्य कवि सम्मलेन का आयोजन होटल अतिथिवन वाटरवर्क्स पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संयोजक राकेश निर्मल के गीतों एवं गजलों की फुहारों से लोगों के अंतर्मन ने अनूठे आनंद का अनुभव किया। टूंडला के हास्य कवि लटूरी लट्ठ का हास्य रूपी लट्ठ लोगों के दिलों पर शानदार चला। ग्वालियर के कवि रविन्द्र रवि ने होली की चुटकियों एवं गीतों के गुलाल से लोगों के मन को सराबोर कर दिया। हास्य कवि अलकेश मगन एवं रेणु उपाध्याय ने खचाखच भरे सभागार में खूब तालियां बटोरी। संगीता अग्रवाल एवं शशि गुप्ता की प्रस्तुति ने होली मिलन को और मधुर बना दिया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्षा अंशु अग्रवाल, महामंत्री डॉ. रुचि अग्रवाल, कोषाध्यक्ष, मीनू त्यागी, रश्मि सिंघल, सोनिया गर्ग, सीमा अग्रवाल, सीमा बंसल, संजय गोयल, संजय मित्तल, उमेश बंसल एवं भगवान दास बंसल उपस्थित रहे।

Rashtra Deep
Restaurants
Fully Air Conditioned
A/C BANQUET HALL FOR :-
BIRTHDAY KITTY PARTIES &
FAMILY FANCTIONS
Pure Veg.



NH-2, 15 K.M. Stone, Indian Oil Petrol Pump Premises,
Etmadpur, Agra, Mob :- 9563906777, 9568504777

# वॉकथॉन से महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए किया जागरूक

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिए बीमारियों से दूर रहने का संदेश**

- 36वां यूपीकॉन 2025 का शुभारंभ, 23 मार्च तक चलेगा आयोजन

एनएनआई




**आगरा।** सेल्फी प्वाइंट पर जब साक्षात सर्वाइकल कैंसर प्रकट हुआ तो लोगों को उसके होने के कारण और निवारण भी स्पष्ट रूप से समझ आए। महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्याओं (सफेद पानी, एनीमिया, यूटीआई, बांझपन, मीनोपॉज) पर शहर के वरिष्ठ गायनेकोलॉजिस्ट ने आमजन के बीच पहुंचकर चर्चा की। वॉकथॉन से महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए जागरूक भी किया गया। एसएन मेडिकल कालेज के स्त्री-प्रसूति रोग विभाग व एओजीएस के संयुक्त तत्वावधान में 21-23 मार्च तक आयोजित होने जा रहे 36वां यूपीकॉन 2025 के शुभारंभ से पूर्व शहर के स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञों ने शिल्पग्राम से वॉकथॉन का आयोजन किया। शुभारंभ एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस संजीव त्यागी ने झंडी दिखाकर किया। अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की अध्यक्ष डॉ. सरोज सिंह व एसएन मेडिकल कालेज की स्त्री व प्रसूति रोग विभाग की अध्यक्ष व आयोजन सचिव डॉ. रिचा सिंह ने किया।

इस अवसर पर सफेद व गुलाबी रंग के गुब्बारे आकाश में उड़ाकर भी महिलाओं को स्वास्थ्य का ख्याल रखने का संदेश भी दिया। कुछ साइकिल चलाकर तो कुछ दौड़ते हुए शिल्पग्राम से सेल्पी प्वाइंट तक पहुंचे। जहां डॉ. आरती मनोज व डॉ. सीमा सिंह के निर्देशन में विशेषज्ञों ने नुक्कड़ नाटक से महिलाओं में होने वाली स्वास्थ समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर डॉ. नरेन्द्र मल्होत्रा, डॉ. जयदीप मल्होत्रा, डॉ. अमित टंडन, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. निधि गुप्ता, डॉ. पूनम यादव, डॉ. निहारिका मल्होत्रा डॉ. रत्ना शर्मा, डॉ. हेमा सडाना, डॉ. मनीषा गुप्ता, डॉ. नीलम रावत, डॉ. मोहिता पैंगोरिया, डॉ. मीनल जैन, डॉ. उर्वशी, डॉ. अनु पाठक, डॉ. अभिलाषा यादव, डॉ. आकांक्षा गुप्ता, डॉ. आरती मनोज, डॉ. सीमा सिंह, डॉ. रत्ना शर्मा, डॉ. सविता त्यागी, नमिता शिरोमणी, रेखा रानी आदि उपस्थित थीं।

## वीरांगना अवंतीबाई लोधी को किया याद

**आगरा (एनएनआई)।** क्षत्रिय लोधी राजपूत एवं सर्व समाज के लोगों ने वीरांगना महारानी अवंतीबाई लोधी को याद किया। प्रतापपुरा स्थित चौराहे पर लगी वीरांगना की प्रतिमा पर पुष्प एवं माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। समाजसेवी किशोरी लाल लोधी ने कहा समाज को मजबूत करना है तो शिक्षा को घर-घर पहुंचना होगा तभी समाज आर्थिक और सामाजिक रूप से सक्षम होगा। इस दौरान यशपाल सिंह लोधी, हरिकिशन लोधी, मनीष लोधी,मिथुन राजपूत अन्य लोग उपस्थित रहे।



### रामलाल वृद्धाश्रम में वैदिक रीति से एक दूसरे का थामा हाथ

# न उम्र की सीमा हो, न जन्म का हो बंधन...

एनएनआई

**आगरा।** रामलाल वृद्धाश्रम गुरुवार को परिवार से अलग हुए दो वृद्धों की शादी का गवाह बना। आमतौर पर शांत वातावरण वाले रामलाल वृद्धाश्रम में ढोल नगाड़ों की मधुर ध्वनि के बीच 66 वर्ष के मुन्नालाल और 57 वर्ष की प्रीतिलता ने विवाह रचाकर जिंदगी की नई शुरूआत की।

वृद्धाश्रम में 307 बुजुर्ग आश्रय रह रहे हैं। इसमें 166 पुरुष और 141 महिलाएं हैं। कुछ बुजुर्ग घराती बने तो कुछ बाराती। नाचते-गाते हुए बारात निकली तो दूल्हा बने मुन्नालाल भी थिरके। प्रीतिलता लाल जोड़े में सजी-धजी नजर आईं। बारात आने के बाद दूल्हा-दुल्हन ने स्टेज पर एक-दूसरे को जयमाला पहनाई और इसके बाद वैदिक रीति से विवाह सम्पन्न कराया गया।





मुन्नालाल अपनी 90 वर्षीय मां कंची देवी के साथ पिछले एक साल से रामलाल वृद्धाश्रम में रह रहे हैं। जालौन के रहने वाले मुन्नालाल के परिवार में मां के सिवाय और कोई नहीं है। जिस घर में रहते थे, उस पर चाचा-ताऊ ने कब्जा कर लिया। इन्हें बेघर होना पड़ा। वे रामलाल वृद्धाश्रम में अपनी मां के साथ एक साल रह रहे हैं प्रीतिलता बुलंदशहर की रहने वाली हैं। बीमारी से पति की मौत हो गई। बाद में दो बच्चियों की भी मौत हो गई। खानदानी घर पर चाचा ने कब्जा कर लिया। किसी तरह से वे एक महीने पहले वृद्धाश्रम पहुंची। तब से यहीं रह रही हैं। यहीं पर मुन्नालाल और प्रीतिलता की मुलाकात हुई। दोनों के बीच वृद्धाश्रम में आने के कारणों पर बातचीत शुरू हुई। इसके बाद दोनों अपने दुख-दर्द एक-दूसरे से साझा करने लगे। इसी बीच मुन्नालाल ने प्रीतिलता के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे उसने स्वीकार कर लिया। कानूनी सलाह लेने के बाद आश्रम ने भी दोनों को शादी की हरी झंडी दे दी।

# गर्मी से पहले हीट एक्शन प्लान लागू

एनएनआई

**आगरा।** हीट वेव के कारण मृत्यु दर में लगातार बढ़ोत्तरी को देखते हुए राज्य सरकार ने आगरा समेत प्रदेश के तीन जिलों में हीट एक्शन प्लान लागू करने का निर्णय लिया है। ताज नगरी में गुरुवार को हीटवेव एक्शन प्लान लांच कर दिया गया। इसके अलावा लखनऊ और झांसी में भी इस प्लान को लागू किया जाएगा।



ताज नगरी में इस प्लान को लागू करने के लिए नगर निगम कार्यकारिणी हाल में एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। अपर नगर आयुक्त सतेंद्र कुमार तिवारी ने इसकी अध्यक्षता की। इस दौरान उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की प्रोजेक्ट डायरेक्टर कनीज फातिमा ने बताया कि हिट वेव में किस तरह से मृत्यु दर बढ़ रही है और उसको एक्शन प्लान के माध्यम से किस तरह से कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जनपद के लोगों को गर्मी से बचने के लिए यह प्लान तैयार किया गया है। इस प्लान को सभी विभागों द्वारा लागू करते हुए लोगों की जान बचानी है। कार्यक्रम के दौरान इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ गांधीनगर के डॉक्टर महावीर गुलेच्छा ने योजना को लेकर प्रेजेंटेशन भी दिया। प्रोजेक्ट एक्सपर्ट प्रियंका द्विवेदी द्वारा अवगत कराया गया कि यह प्लान यूपीएसडीएमए की साइड से प्राप्त हो सकता है। उनके द्वारा कुछ वीडियो एवं ऑडियो भी उपलब्ध कराए गए जिनको चलवा कर लोगों को हीट वेव के प्रति जागरूक किया जा सकता है।कार्यक्रम के दौरान आपदा विशेषज्ञ शिवम मिश्रा ने भी हीट वेव से बचने के उपायों पर प्रकाश डाला। इस दौरान मुख्य अभियंता निर्माण बीएल गुप्ता, मुख्य अभियंता विद्युत अजय राम, उपनगर आयुक्त सरिता सिंह, सहायक नगर आयुक्त अशोक प्रिय गौतम, पर्यावरण अभियंता पंकज भूषण, प्रोजेक्ट इंजीनियर जल निगम सरफराज कुरैशी, एसएन मेडिकल कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल डॉक्टर टीपी सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चेक बाउंस में अजय शर्मा को देने होंगे 1.05 करोड़, एक साल की सजा भी

एनएनआई

**आगरा।** विशेष न्यायालय के पीठासीन अधिकारी (सेवानिवृत) एचजेएस सत्येंद्र सिंह वीरवान ने चेक बाउंस के मामले में आरोपी अजय कुमार शर्मा को 1.05 करोड़ रुपए देने का फैसला सुनाया है। दरअसल मामला वर्ष 2018 का है। आरोपी अजय कुमार शर्मा पुत्र कांति प्रसाद शर्मा मैं. वैष्णो कंस्ट्रक्शन एंड ट्रेडिंग कंपनी के स्वामी हैं। इनकी फर्म को वर्ष 2018 में कन्नौज में उत्तर प्रदेश जल निगम के अधिशासी अधिकारी

**एनआई एक्ट के पीठासीन अधिकारी ने सुनाया फैसला**

निर्माण खंड के द्वारा निर्माण कार्य के लिए ठेका दिया गया था।

इस निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए अजय कुमार शर्मा ने मैसर्स देव कंस्ट्रक्शन के स्वामी दिलीप तिवारी को ठेका दिया था। समय रहते दिलीप तिवारी की फर्म मैसेज देव कंस्ट्रक्शन ने काम पूरा करने से पहले ही उनसे निर्माण कार्य बंद कर दिया। उक्त निर्माण कार्य की एवज में अजय कुमार शर्मा द्वारा 85 लाख रुपए का चेक दिया गया। इस चेक को दिलीप तिवारी ने अपनी बैंक में भुगतान के लिए लगाया, जिस पर बैंक ने 'पेमेंट स्टॉप वाई ड्रायर' टिप्पणी लिखकर रद्द कर दिया गया।

इसको लेकर दिलीप तिवारी ने डाक द्वारा अजय कुमार शर्मा को विधिक नोटिस भिजवाया। विपक्षी द्वारा नोटिस का जवाब देते हुए भुगतान से इनकार कर दिया। इसके कुछ समय बाद आरोपी ने न्यायालय में अपने चेक और बैंक के कुछ कागजात खोने की बात कह कर गुमराह करने का प्रयास भी किया।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष का स्वागत

**आगरा एनएनआई।** भाजपा के नवनिर्वाचित महानगर अध्यक्ष राज कुमार गुप्ता का वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना के प्रतिष्ठान पर हुआ भव्य स्वागत सम्मान ढोल बाजों के साथ किया गया। इस दौरान उन्हें स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र, फूलों की मालों से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर रनवित खुराना, अविनाश राणा, भूपेंद्र सोबती, भीष्म ललवानी, रोहित कात्याल, मुनेंद्र जादोन, मनोज राजोरा आदि मौजूद रहे।



## पार्कों और प्रमुख स्थलों में लगेंगे घोंसले

**आगरा एनएनआई।** विश्व गौरैया दिवस पर आगरा नगर निगम ने अनूठी पहल की है। शहर के विभिन्न पार्कों और प्रमुख स्थलों पर कृत्रिम घोंसले (नेस्ट) लगाए गए। जिससे कि गौरैया को सुरक्षित आवास मिल सके।

नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने बताया कि बदलते पर्यावरण, शहरीकरण और मोबाइल टावरों से निकलने वाले रेडिएशन के कारण गौरैया की संख्या में भारी गिरावट आई है। गौरैया पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। इसे बचाने के लिए हम बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान भी शुरू करने जा रहे हैंपशु कल्याण अधिकारी डा. अजय सिंह ने बताया कि इस अभियान में स्थानीय स्कूलों और सामाजिक संगठनों को भी जोड़ने की पहल की जा रही है। छात्र-छात्राओं के माध्यम से गौरैया के संरक्षण के लिए जागरूकता रैलियां निकाली जाएंगी। घरों में नेस्ट लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। पर्यावरणविदों का कहना है कि यदि हम गौरैया को पुनः अपने आंगन में देखना चाहते हैं, तो हमें पेड़-पौधे लगाने, खुले स्थान बनाए रखने और उन्हें सुरक्षित आवास देने की दिशा में कदम उठाने होंगे।

# रामलीला मैदान, जयपुर हाउस में लगेगा नवसंवत्सर मेला

एनएनआई

**आगरा।** लगभग 40 वर्षों से राष्ट्र सेविका समिति जो एक वैचारिक मंच है और विश्व भर में महिलाओं द्वारा ही संचालित किया जाता है , उसके द्वारा दिनांक 29 मार्च ?2025 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा और हिंदू कैलेंडर के अनुसार नव वर्ष की पूर्व संध्या पर प्रतिवर्ष भव्य मेले का आयोजन किया जाता है।

यह मेला इस वर्ष दिनांक 29 मार्च 2025 को रामलीला पार्क, जयपुर हाउस, आगरा पर लगाया जा रहा है। मेले में विभिन्न सांस्कृतिक

- राष्ट्र सेविका समिति आयोजित करेगी नवसंवत्सर मेला
- चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर होगा भव्य मेले का आयोजन

कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रकार के उत्पादों की स्टाल लगाई जाएंगी। बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे चित्रकला ,लेखन, मेहंदी एवं विविधि वेश प्रतियोगिताओं का भी



आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रयोशताब्दी जयंती वर्ष ध्यान में रखते हुए विशेष कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। कार्यक्रम के प्रारूप के अनुसार मेले का शुभारंभ अपराह्न 12 बजे हवन द्वारा किया जाएगा। उसके उपरांत अपराह्न 3 बजे से स्थलीय एवं मचीय प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। सायं 6:30 बजे मंचीय उद्घाटन के उपरांत सांस्कृतिक संध्या एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से विभूतियां अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगी। प्रतिवर्ष समिति द्वारा भव्य रूप में इस मेले का सफल आयोजन किया जाता है एव बड़ी संख्या में शहरवासी नव वर्ष मेले में आते हैं। स्टॉल बुकिंग के लिए समिति के नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

# पंचायत सचिवालय का ताला तोड़ने पर विवाद

## सहायक ने सचिव और प्रधान पर लगाए आरोप, बीडीओ से शिकायत

एनएनआई

**बाह।** तरासों का पंचायत सचिवालय राजनीत का अखाड़ा बन गया है। 18 मार्च की रात सचिवालय का ताला तोड़े जाने पर पंचायत सहायक निशा ने गांव के चौराहे पर अभद्र भाषा के इस्तेमाल का आरोप प्रधान और उनके बेटे पर लगाया है। वहीं प्रधान के बेटे ने आरोप से इंकार किया है। दोनों ही अपने अपने तरीके से विवाद के पीछे रंजिश बता रहे हैं।

बीडीओ को संबोधित पत्र में तरासों की पंचायत सहायक निशा ने कहा है कि 18 मार्च रात 8 बजे सचिव दिलीप कुमार ने फोन पर सचिवालय की चाबी मांगी थी। चाबी ढूंढ कर सुबह देने की बात कही थी। 19 मार्च को सुबह 9.30 बजे सचिवालय कार्यालय पर वह पहुंची तो दूसरा ताला लटका हुआ मिला। गांव वालों से पूछा तो उन्होंने बताया कि सचिव, प्रधान और प्रधानपुत्र ने ताला तोड़ कर नया ताला लगाया है। नये ताले की चाबी उसके पास नहीं है। प्रधान और उनके बेटे से ताला तोड़ने को लेकर पूछा तो गांव के चौराहे पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाया है। निशा ने पहले भी कार्यालय में शराब के नशे में बेटे द्वारा अभद्रता किए जाने की बात कही है।

दावा किया है कि उसके परिवार के साथ पूर्व में की गई मारपीट की पुलिस शिकायत की रंजिश मानते हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर सचिव विनीत कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के सामने ताला तोड़ा गया है। चाबी खो जाने की पंचायत सहायक ने झूठी कहानी गढ़ी है। वहीं प्रधानपुत्र विपिन ने बताया कि मां मूला देवी प्रधान है। वह अनपढ़ हैं। उन्होंने कोई अभद्रता नहीं की है। आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। प्रधानी के चुनाव की रंजिश में कहानी गढ़ी गई है। एडीओ पंचायत नरेश सिंघल ने बताया कि चुनाव की रंजिश में आरोप लगाए जा रहे हैं। फिर भी जांच कराएंगे।

# कबाड़ से बनाए घोंसले, गौरैया संरक्षण को किया प्रेरित

**बाह** एनएनआई। किला गांव के प्राथमिक विद्यालय में विश्व गौरैया दिवस पर छात्र-छात्राओं ने कबाड़ के जुगाड़ से गौरैया के लिए पानी के पात्र और घोंसले बुने। स्कूल के पेड़ों पर घोंसले और पानी के पात्र रखे, ताकि परिसर में गौरैया फुदक सके। शिक्षिकाओं बुसरा रहमानी, साधना गौतम, रूबी बौहरे, उमा बरुआ, आरती बंसल ने छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता के प्रदर्शन पर प्रोत्साहित किया। उन्हें बताया कि गर्मी के मौसम में घरों में पानी के बर्तन और कृत्रिम घोंसले रखकर गौरैया का संरक्षण किया जा सकता है। घटते जंगल और कटते पेड़ों ने भी इनका आशियाना छीना है। छोटे से प्रयास से घर आंगन से छत तक फिर से गौरैया की आवाजाही शुरू हो गई है। मंगदपुर के जूनियर हाईस्कूल में रीता भदौरिया, ममता श्रीवास्तव, जरार में मान सिंह, अजीत वीरेन्द्र सिंह, बाह में रतन सिंह, अशोक कुमार, भदरौली में राजेश पांडेय, मनीषा यादव के नेतृत्व में हुए कार्यक्रमों में बच्चों को गौरैया के संरक्षण के लिए जागरुक एवं प्रेरित किया गया।





# वीरांगना रानी अवंतीबाई जी की पुष्प तिथि पर शत शत नमन

एनएनआई

**बाह।** कस्बा जरार महारानी वीरांगना अवंतीबाई का 167 वीं जयंती पुष्पतिथि पर उनकी वीरता को नमन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने वीरांगना के जीवन चरित्र पर वर्णन किया। महारानी वीरांगना अवन्तीबाई लोधी ने एक और सुशासन की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत किया था। वही मातृभूमि के स्वाभिमान के लिए जीवन पर्यन्त संकल्पित रही, सन 1857 के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाली रानी अवंतीबाई ने अपने साहस एवं शौर्य,संयम से अंग्रेजी हुकूमत को दहशत में ला दिया था। रानी अवंतीबाई जी की जीवन गाथा राष्ट्र को अन्तकाल तक गोरवान्वित करती रहेगी।

महारानी वीरांगना अवंतीबाई के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर शत-शत नमन किया गया। इस अवसर पर बैजनाथ सिंह वर्मा (बजाज) महेश चंद्र राजपूत प्रधानाचार्य, सुखदेव वर्मा पीसीएस, किताब सिंह वर्मा (बजाज) ब्लॉक अध्यक्ष लोधी राजपूत निषाद महासभा बाह, डॉ. मुन्नेश कुमार, राजा राजपूत, अरविंद कुमार श्रीवास्तव, रामबाबू वर्मा, राजकुमार शिक्षक, राजेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, अजीत कुमार वर्मा, शिवांशु वर्मा, अतुल राजपूत, बबीता, रौनक, नेहा कुशवाहा, सादमा, रशमी राजपूत आदि मौजूद रहे।

# डॉ. बदन सिंह ने साहित्यकारों को भेंट की पुस्तक

एनएनआई

**आगरा।** ब्रज भाषा एवं लोकगीतों के श्रेष्ठ रचनाकार डॉ.बदनसिंह मस्ताना द्वारा रचित पुस्तक लोक लहर की प्रथम प्रति सामाजिक कार्यकर्ता एवं उदीयमान कवि संवेदना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष इं.धर्मवीर सिंह राही को दी। कचहरी साहित्यकार स्थितम धर्मेंद्र वीर सिंह एड के कार्यालय पर डॉ. बदन सिंह मस्ताना ने अन्य साहित्यकारों की उपस्थिति में भेंट की। श्री राही ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है जिनके सानिध्य में हमने कविता लिखने की शुरू की उन्ही के द्वारा उनकी प्रति भेंट के रूप में प्राप्त कर अपने को भाग्यशाली समझता हूँ इस अवसर पर धर्मेंद्रवीर सिंह एड. नरेन्द्र यादव एड. सुरजीत सिंह शाक्य एवं प्रधान नाकऊ आदि लोग उपस्थिति थे।








# वृंदावन में रक्तदान शिविर 23 मार्च को

**मथुरा** एनएनआई। संवेदना -2 के अंतर्गत शहीद दिवस के अवसर पर निफ्फा के तत्वावधान में 23 मार्च को लीलावान सकराया वृन्दावन पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन रोटरी ब्लड बैंक मथुरा के सहयोग से किया जायेगा। सुरिंदर उत्तरेजा ने बताया की पूरे भारत में 1.5 लाख यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया है। इस रक्तदान शिविर में भूमि इंटरनेशनल, एलीगंस रिसोर्ट वृन्दावन भी सहयोग कर रहे है। सुदर्शन दुआ सचिन, सतेंद्र, कमल बांगा, शिल्पा मल्होत्रा अमित बांगा, दीपक नरूला भी अपनी सेवाएं दे रहे है।

# बरसाना रोप-वे का संचालन बंद

एनएनआई

**मथुरा।** बरसाना में राधारानी रोप-वे में मंगलवार को आई खराबी को दुरुस्त करने में इंजीनियर जुटे हुए हैं। बृहस्पतिवार को मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के एक्सईएन व रोपवे के इंजीनियरों की टीम ने तकनीकी खामियों की जांच की। रुड़की से आईआईटी के इंजीनियरों की टीम द्वारा जांच के बाद रोप-वे को आम जनता के लिए चालू किया जाएगा। फिलहाल खाली ट्रॉलियों का ट्रायल चालू कर दिया गया है।

मंगलवार को राधारानी मंदिर जाने वाले रोपवे के ब्रेक फेल हो जाने से श्रद्धालुओं से भरीं तीन ट्रॉलियां प्लेटफार्म से आकर टकरा गईं थीं। इससे 18 श्रद्धालुओं की जान सांसत में फंस गई थी। हालांकि किसी श्रद्धालु को चोट नहीं आई। इसके बाद रोपवे का संचालन रोक दिया गया।

बुधवार को पुलिस ने लापरवाही से रोप-वे चलाने में कंपनी के निदेशक, मैनेजर सहित आधा दर्जन कर्मचारियों के खिलाफ थाना बरसाना में मुकदमा दर्ज किया था। इधर कोलकाता से आए रोप-वे के इंजीनियर सोरद्वीप मित्रा, कौशिक विश्वास वेदो ने बृहस्पतिवार सुबह से रोपवे में आई तकनीकी खराबी की जांच की। कमी मिलने पर उसको ठीक करने के बाद रोपवे का ट्रायल शुरू किया।

# मौसम के उतार चढ़ाव से ओपीडी में बढे वायरल के मरीज




**कागारौल** एनएनआई। मौसम में बार-बार हो रहे परिवर्तन के कारण फैलने वाले वायरल इंफेक्शन से होने वाली बीमारियां जुकाम, खांसी, बुखार,और एलर्जी की चपेट में बड़ी संख्या में लोग आ रहे हैं।वायरल इन्फेक्शन से शरीर में जुकाम, खांसी,बुखार, सिरदर्द, शरीर में जकड़न की शिकायत हो रही है। डॉ के के शर्मा ने बताया कि मौसम में बार-बार हो रहे उतार-चढ़ाव एवं मौसम के परिवर्तनशील के कारण क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग वायरल इंफेक्शन से पीड़ित हो रहे हैं। सीएचसी पर प्रतिदिन करीब तीन सौ की ओपीडी में से दो सौ से अधिक वायरल इन्फेक्शन से पीड़ित मरीज आ रहे हैं। उन्होंने लोगों को सलाह दी है कि कोई भी परेशानी होने पर चिकित्सक का परामर्श लें।

## संपादकीय

# बात टैरिफ वार से आगे की

डॉनल्ड ट्रंप के शासनकाल में अमेरिका के छेड़े टैरिफ वॉर का पूरा असर उभरना अभी बाकी है, मगर इससे दुनिया में फैली आशंकाओं का असर अब दिखने लगा है। भारत के ताजा आयात-निर्यात आंकड़े इसका संकेत देते हैं।भारत के प्रमुख निर्यात केमिकल्स, तथा गहने और जवाहरात में बड़ी गिरावट चिंता का विषय है।फरवरी में चूंकि वस्तुओं के निर्यात की तुलना में आयात ज्यादा गिरा और सेवाओं के निर्यात में वृद्धि जारी रही, इसलिए व्यापार घाटे में कमी आई है।पेट्रोलियम के भाव में गिरावट के कारण आयात बिल में राहत मिली, मगर कच्चे तेल के आयात और परिशोधित पेट्रोलियम के निर्यात दोनों में गिरावट ने चिंताओं को बढ़ाया है। ये बुनियादी वस्तुएं हैं, जिनका आयात गिरना घरेलू अर्थव्यवस्था में सुस्ती के संकेत समझा जाता है। निर्यात में 11 फीसदी गिरावट का मतलब है कि देश में निर्यात से जुड़े कारोबार में काम मंद हुआ। यह नए हालात के बीच वैश्विक कारोबार में आई गिरावट का परिणाम है।अभी भारत पर ट्रंप के टैरिफ वॉर की पूरी मार नहीं पड़ी है। इस महीने ट्रंप प्रशासन ने स्टील और अल्यूमिनियम के आयात पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया, जिसका असर अभी पड़ना शुरू ही हुआ है। टैरिफ वॉर से पहले से ही कमजोर भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था पर नए जख्म लग रहे हैं। इसकी एक मिसाल औषधि उद्योग है, जहां अनेक दवा कारखानों के बंद होने का अंदेशा गहरा गया है।आकलन के मुताबिक अमेरिका में ऊंची शुल्क दर से यहां उत्पादन लागत बढ़ जाएगी, जिससे अमेरिकी बाजार में भारतीय दवाइयां मुकाबले में पिछड़ने लगेंगी।इसकी सबसे तीखी मार जेनेरिक फॉमूर्लेशन, एक्टिव फॉर्मास्यूटिकल इंग्रेडिएंटेस, और कॉन्ट्रैक्ट रिसर्च, डेवपमेंट एंड मैनुफैक्चरिंग संगठन पर पड़ने की आशंका है। इसके अलावा संकेत हैं कि सरकारी खरीद नीति, देशी कंपनियों को संरक्षण, और डब्लूटीओ नियमों के तहत विकासशील देश के नाते भारत को मिले खाद्य सुरक्षा के विशेष अधिकारों के सवाल को भी डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन उठा रहा है। संकेत यह भी है कि इन मामलों में अपनी तमाम शर्तों को मनवाने का रुख उसने अपना रखा है।जिस दौर में खुद अमेरिका ने भूमंडलीकरण की प्रक्रिया को पलटने और अपने बाजार में बाहरी कंपनियों की पहुंच सीमित या प्रतिबंधित करने की नीति अपना रखी है, उस समय उसका यह रुख किसी रूप में मुक्त बाजार की सोच के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। बल्कि इसे जोर-जबरदस्ती के रूप में देखना ज्यादा ठीक होगा। दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत सरकार ने इस पर अस्पष्ट रुख अपना रखा है। इस बीच टैरिफ वॉर से शेयर बाजार में उथल-पुथल बढ़ी है। वैसे ही विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) भारतीय बाजारों से पैसा निकाल रहे थे, लेकिन ट्रंप काल में ये रफ्तार और तेज हो गई है।सितंबर के बाद से ये निवेशक 27 बिलियन डॉलर से अधिक रकम निकाल चुके हैं। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के आंकड़ों के मुताबिक 2008 की वैश्विक मंदी के बाद से भारतीय बाजार में यह एफआईआई की सबसे बड़ी बिकवाली है। इसका सीधा असर मध्य वर्गीय परिवारों में महसूस किया जा रहा है। कोरोना काल के बाद शेयर बाजारों में आई उछाल ने करोड़ों लोगों को वित्तीय संपत्तियों में निवेश के लिए प्रेरित किया।दस करोड़ से अधिक नए निवेशकों ने शेयर बाजार में प्रवेश किया। अपनी बचत- और कुछ लोगों ने तो कर्ज तक लेकर इस कारोबार में पैसा लगाया। शेयरों की बढ़ती कीमत ने उनमें समृद्धि की नई आस जगाई थी।लेकिन अब अचानक इस पर तुषारापात हुआ है। लोगों की बनी रकम हवा में गायब हो रही है। अब तक बाजार से लगभग एक लाख करोड़ रुपये हवा हो गए हैं।आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के एक विशेषज्ञ ने आगाह किया है कि इक्विटी बाजार में गिरावट से घरेलू आय और उपभोग में भी गिरावट आ सकती है, जिसका असर आर्थिक विकास पर पड़ेगा।स्पष्टतः यह निवेशक आधार के अधिक व्यापक होने की कीमत है। तो कुल मिला कर भारत का आर्थिक दुश्चक्र संगीन हो रहा है। वित्तीय संपत्तियों में उछाल जमीनी अर्थव्यवस्था का प्रतिबिंब तो नहीं थी, मगर उसमें गिरावट से वास्तिवक अर्थव्यवस्था पर भी ग्रहण अधिक अंधकारमय होता दिख रहा है। भारत को सर्वाधिक प्रभावित करने वाली ट्रंप की जैसे को तैसा टैरिफ की नीति दो अप्रैल से लागू होगी। उसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। भारतीय अधिकारियों के बयानों से साफ है कि अमेरिका से द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए जारी वार्ता से इसमें किसी राहत की उम्मीद नहीं है। उस करार के अमल में आने में अभी कई महीने लगेंगे। इस बीच सरकार ने निर्यातकों से कहा है कि अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए वे चीन से घटा कर अमेरिका से अधिक आयात करें। कुछ विशेषज्ञों ने चीन पर भारत से आयात बढ़ाने के लिए दबाव डालने का सुझाव केंद्र को दिया है।मगर, ये दोनों बातें किस हद तक व्यवहार में उतर पाएंगी, यह साफ नहीं है। नतीजतन, इस अंदेशे में दम है कि आगे ट्रंप के टैरिफ की मार और भी गहरी होने वाली है।जाहिर है, भारत के लोगों के लिए यह चिंतित होने का वक्त है।



अक्सर देखा जाता है कि स्टूडेंट्स 10वीं-12वीं या फिर ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई कर लेते हैं। बावजूद इसके उन्हें नहीं समझ आता है कि वह किस क्षेत्र में करियर बनाएं, ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो। स्टूडेंट्स की इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर हम यहां पर भारत में रहकर पढ़ाई करने और नौकरी करने के लिए टॉप-10 करियर ऑप्शन के बारे में बता रहे हैं, जिसका चुनाव करके वे बढ़िया भविष्य बना सकते हैं.......

# भारत के टॉप-10 करियर ऑप्शन लाखों-करोड़ों की मिलती है सैलरी

## डाटा साइंस

डेटा साइंस इस समय भारत में सभी करियर विकल्पों में से शीर्ष विकल्पों में से एक है। हालिया महामारी ने देश में डेटा विज्ञान और इसके अनुप्रयोगों को और बढ़ा दिया है। एनालिटिक्स इंडिया मैगजीन के मुताबिक 2020 में भारत में लगभग हर क्षेत्र में करियर के असंख्य अवसर पैदा हुए हैं। भारत पहले से ही दुनिया में डेटा के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है। ऐसे में स्टूडेंट्स इस क्षेत्र में भी करियर ऑप्शन बना सकते हैं।

## डिजिटल मार्केटिंग

डिजिटल मार्केटिंग हाल के वर्षों में तेजी से बढ़ा है। यही वजह है कि इस क्षेत्र की डिग्री रखने वाले युवाओं की मांग भी तेजी से बढ़ी है। डिजिटल मार्केटिंग का कोर्स कर चुके युवाओं को मोटी सैलरी पर हायर किया जाता है। ऐसे में आप 12वीं बाद डिजिटल मार्केटिंग के सेक्टर में भी करियर बना सकते हैं।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का क्रेज तेजी से बढ़ा है। आने वाले समय में इस फील्ड की जानकारी रखने वाले युवाओं को और अधिक नौकरी मिलेंगे। इस वक्त माइक्रोसॉफ्ट, आईबीएम, अमेजॅन, एक्सेंचर और कई अन्य जैसे कॉर्पोरेट दिग्गज बड़े पैमाने पर एआई को लागू कर रहे हैं। ऐसे में आने वाला भविष्य इन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए और बेहतर होगा।

## प्रोग्रामिंग

प्रोग्रामर की आवश्यकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रोग्राम करना सीखने से आपको प्रौद्योगिकी से संबंधित सभी नवीनतम सहित



विभिन्न डोमेन में स्थान मिलेगा। प्रोग्रामर को विभिन्न कंपनियों की तरफ से मोटी सैलरी पर हायर किया जाता है। ऐसे में आप प्रोग्रामिंग के सेक्टर में भी करियर बना सकते हैं।

## मैनेजमेंट

भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने बी-स्कूलों और व्यवसायों से बड़ी संख्या में प्रबंधकीय प्रतिभाएं पैदा की हैं। इन युवा प्रबंधकों और प्रबंधन में अनुभवी पेशेवरों के बीच सहयोग से कौशल सेट के साथ बाकी दुनिया से अलग करता है। यही वजह है कि मैनेजमेंट के सेक्टर में करियर बनाने वाले युवाओं को बड़ी सैलरी पर रखा जाता है।

## बैंकिंग

बैंकिंग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। भारत व्यापक रूप से अपनी मजबूत बैंकिंग और वित्तीय प्रणालियों के लिए जाना जाता है। भारत सबसे बड़े विकासशील देशों में है। साथ ही भारत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी आबादी होने के कारण यह बैंकिंग अवसरों के लिए सबसे अनुकूल स्थान है। ऐसे में 12वीं बाद बैंकिंग के सेक्टर में करियर बनाया जा सकता है।

## वेब डेवलपमेंट

व्यवसायों के बीच डिजिटल साक्षरता ने वेब डेवलपमेंट की आवश्यकता को प्रेरित किया है। न्यूज वेबसाइट से लेकर कई तरह की वेबसाइट हैं, जो वेब डेवलपमेंट को हायर करती हैं। वेव डेवलपमेंट की जानकारी रखने वाले युवाओं को मोटी सैलरी पर हायर किया जाता है।

## क्लाउड कम्प्यूटिंग

भारत दूसरा सबसे बड़ा क्लाउड कम्प्यूटिंग बाजार है। चीन के बाद भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में जाहिर है देश में इस क्षेत्र में तेजी और विस्तार होने का अनुमान है। प्रौद्योगिकी को अभी भारत में अपनाया गया है, लेकिन यह प्रभावी उद्योग समाधानों के माध्यम से सीधे बाजार में जगह बनाने की ओर अग्रसर है। ऐसे में स्टूडेंट्स 12वीं बाद क्लाउड क्यूटिंग के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं।

## सॉफ्टवेयर

सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में करियर की संभावनाएं तेजी से बढ़ी हैं। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी तेजी से आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे सॉफ्टवेयर पेशेवरों की मांग भी तेजी से बढ़ती जा रही है। ऐसे में स्टूडेंट्स सॉफ्टवेयर के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं।

## साइबर सिक्योरिटी

साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में करियर की संभावनाएं तेजी से बढ़ी है। साइबर सिक्योरिटी पेशेवर डिजिटल सिस्टम, नेटवर्क और डेटा को अनधिकृत पहुंच, हमलों और संभावित खतरों से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले साइबर सिक्योरिटी से निपटने के लिए काम करते हैं। साइबर सिक्योरिटी की समझ रखने वाले युवाओं को भी मोटी सैलरी पर हायर किया जाता है।



# अवॉर्ड फंक्शन में रेड कलर के ऑफ शोल्डर शिमरी गाउन में जाह्नवी कपूर ने ढाया कहर

**जाह्नवी कपूर हमेशा सुर्खियों में छाई रहती हैं और अपने स्टाइल से फैंस को दीवाना बनाए रखती हैं। बीती शाम एक्ट्रेस काफी स्टनिंग लुक में अवॉर्ड फंक्शन में स्पॉट हुईं।**

जाह्नवी कपूर हमेशा सुर्खियों में छाई रहती हैं और अपने स्टाइल से फैंस को दीवाना बनाए रखती हैं। बीती शाम एक्ट्रेस काफी स्टनिंग लुक में अवॉर्ड फंक्शन में स्पॉट हुईं।

जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की यंग जनरेशन की टैलेंटेड एक्ट्रेस में से एक हैं। उन्होंने अपने अब तक के करियर में कई फिल्में की हैं और अपनी एक्टिंग का लोहा भी मनवाया है। वहीं वे अपने स्टाइल स्टेटमेंट के लिए भी जानी जाती हैं और अक्सर अपने ड्रेसिंग सेंस से तारीफ बटोरती रहती हैं। बीती शाम एक्ट्रेस एक अवॉर्ड फंक्शन में पहुंची थीं। इस दौरान जाह्नवी कपूर अपने स्टनिंग लुक से पूरी महफिल लूटती हुई नजर आईं। अवॉर्ड फंक्शन में जाह्नवी काफी कातिलाना लुक में रेड कार्पेट पर पोज देते हुए नजर आईं। एक्ट्रेस ने रेड कलर का ऑफ शोल्डर शिमरी गाउन पहना था और वे बला की खूबसूरत लग रही थीं। जाह्नवी ने ग्लॉसी मेकअप किया हुआ था और अपने बालों को वेवी कर ओपन छोड़ा था। जाह्नवी ने अपने गले में स्लीक सा डायमंड नेकपीस पहना था और हाथ में ब्लैक कलर का बैंड पहना हुआ था। एक्ट्रेस काफी गॉर्जियस लग रही थीं। जाह्नवी ने रेड कलर की हाई हिल्स के साथ अपना लुक कंप्लीट किया था। इस दौरान जाह्नवी ने रेड कार्पेट पर स्माइल के साथ जमकर पोज दिए और तस्वीरें क्लिक कराईं। एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। वहीं फैंस जाह्नवी के रेड गाउन लुक को काफी पसंद कर रहे हैं और उनकी तस्वीरों पर फिदा हो रहे हैं।

# 'सिकंदर' की बढ़ी मुश्किल, ओपनिंग डे पर सलमान खान का इस बड़े सुपरस्टार से पड़ेगा पाला!

सलमान खान की मोस्ट अवेटेड फिल्म सिकंदर की रिलीज डेट सामने आते ही फैंस में फिल्म को लेकर और बेसब्री बढ़ गई है। फिल्म को 30 मार्च को रिलीज किया जाएगा। टाइगर 3 के बाद सलमान खान की सिकंदर दूसरी ऐसी फिल्म है जिसे रविवार को रिलीज किया जा रहा है। एआर मुरुगदॉस के निर्देशन में बनी फिल्म पहले दिन कितनी ओपनिंग ले पाएगी, अब ये एक बड़ा सवाल है। बहुत से लोग कयास लगा रहे हैं कि ये फिल्म सलमान खान की सबसे बड़ी ओपनिंग वाली फिल्म भी बन सकती है। लेकिन फिर भी सिकंदर का पहले ही दिन बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार खुद सलमान खान से से ही पाला पड़ने वाला है। उनका सीधा मुकाबला टाइगर 3 के ओपनिंग डे रिकॉर्ड से होगा। सलमान खान की सबसे बड़ी ओपनिंग लेने वाली फिल्म टाइगर 3 थी जिसने साल 2023 में पहले दिन 43 करोड़ रुपये का शानदार कलेक्शन किया था। यानी सिकंदर को पहले दिन 43 करोड़ रुपये के ऊपर कमाई करनी होगी, तभी ये सलमान की सबसे बड़ी ओपनर बन पाएगी।





# दीपिका-प्रियंका के बाद कियारा आडवाणी बनी सबसे ज्यादा फीस लेने वाली एक्ट्रेस

कियारा आडवाणी बॉलीवुड की टैलेंटेड एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हैं। उन्होंने अपने अब तक के करियर में कई हिट फिल्में दी हैं और इंडस्ट्री में अपने लिए खास जगह बना ली है। फिलहाल एक्ट्रेस अपने काम और अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर सुर्खियों में हैं। अभिनेत्री ने हाल ही में अपने पति और अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ इंस्टाग्राम पर अपनी प्रेग्नेंसी की खबर अनाउंस की थी। इन सबके बीच एक्ट्रेस सबसे ज्यादा फीस वसूलने वाली अभिनेत्री भी बन गई हैं।

## कियारा हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस की लिस्ट में हुईं शामिल

बता दें कि कियारा आडवाणी टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स के साथ कन्नड़ में डेब्यू करने जा रही हैं। मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक एक्ट्रेस ने इस फिल्म के लिए तगड़ी फीस वसूली है। रिपोट्र्स की मानें तो कियारा आडवाणी यश स्टारर टॉक्सिक के लिए 15 करोड़ रुपये चार्ज कर रही हैं। इससे वह देश की सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों की लिस्ट में शामिल हो गई हैं।

## टॉप एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हुईं कियारा आडवाणी

इस कथित फीस के साथ, कियारा आडवाणी अब प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण के एलीट क्लब में शामिल हो गई हैं। बता दें कि प्रियंका के एस ।एस। राजामौली और महेश बाबू के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म के लिए 30 करोड़ रुपये चार्ज करने की उम्मीद है। वहीं दीपिका पादुकोण को कथित तौर पर कल्कि 2898 ई। के लिए 20 करोड़ रुपये बतौर फीस मिले थे।

## कियारा की अपकमिंग फिल्में

कियारा की कई फिल्में आने वाली हैं। वह ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के साथ वॉर 2 में भी नजर आएंगी। प्रोडक्शन हाउस यशराज फि ल्म्स ने हाल ही में घोषणा की है कि यह फि ल्म 14 अगस्त 2025 को दुनिया भर में रिलीज होगी। फरहान अख़्तर द्वारा निर्देशित डॉन 3 में भी कियारा के रणवीर सिंह के साथ लीड रोल करने की बात कही जा रही थी। हालांकि अब, ऐसी रिपोट्र्स हैं कि वह अपनी प्रेग्नेंसी के कारण इस प्रोजेक्ट से हट गई हैं। निमार्ताओं ने अभी तक फिल्म की शूटिंग शुरू नहीं की है।

## टॉक्सिक के बारे में

टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स का निर्माण वेंकट के। नारायण और यश ने केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के तहत जॉइंटली किया गया है। इस फि ल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास ने किया है और यह 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# लखनऊ सुपर जायंट्स का बढ़ा सिरदर्द, मोहसिन खान हुए चोटिल

## शार्दुल को मिल सकता है मौका



**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स का आईपीएल 2025 में पहला मैच दिल्ली कैपिटल्स से है। यह मुकाबला 24 मार्च को खेला जाएगा। लखनऊ इस बार ऋषभ पंत की कप्तानी में खेलेगी। इस बीच टीम को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक शार्दुल ठाकुर को लखनऊ टीम में मौका मिल सकता है। मोहसिन खान चोट की वजह से बाहर हो सकते हैं। उनकी गैरमौजूदगी में शार्दुली की एंट्री हो सकती है। मोहसिन चोट की वजह से काफी वक्त से मैदान से बाहर चल रहे हैं। उनकी वापसी फिलहाल काफी मुश्किल है। मोहसिन आईपीएल के पूरे सीजन से बाहर हो सकते हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया की एक खबर के मुताबिक लखनऊ मोहसिन की जगह शार्दुल ठाकुर को टीम में शामिल कर सकती है। शार्दुल मेगा ऑक्शन के दौरान अनसोल्ड रहे थे। वे चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के लिए पहले खेल चुके हैं। लेकिन ऑक्शन में किसी ने नहीं खरीदा था।

### शार्दुल का अब तक ऐसा रहा है आईपीएल करियर –

शार्दुल का अभी तक आईपीएल करियर दमदार रहा है। वे टूर्नामेंट के 95 मैचों में 94 विकेट ले चुके हैं। शार्दुल ने पिछले सीजन के 9 मैचों में 5 विकेट लिए थे। वे आईपीएल 2021 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेले थे। शार्दुल का इस सीजन में कमाल का प्रदर्शन देखने को मिला था। उन्होंने 16 मैचों में 21 विकेट झटके थे। इसके बाद 2022 में 15 विकेट लिए थे। शार्दुल ने आईपीएल का डेब्यू मैच 2015 में खेला था।

### लखनऊ के कई खिलाड़ी हो चुके हैं चोटिल –

लखनऊ सुपर जायंट्स फिलहाल बॉलिंग को लेकर मुश्किल में है। उसके कई खिलाड़ी चोटिल हैं। मोहसिन के साथ मयंक यादव के खेलने पर भी संशय है। वे चोटिल हैं। आवेश खान भी अभी तक टीम से नहीं जुड़े हैं। आवेश के घुटने में चोट लगी थी। आकाश दीप को लेकर भी ताजा अपडेट नहीं मिल सका है।

# मुंबई इंडियंस के लिए बुमराह को लेकर आई राहत भरी खबर

## जल्द मैदान पर हो सकती है वापसी



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 18वें सीजन की शुरूआत 22 मार्च से होगी जिसमें हार्दिक पांड्या की कप्तानी में खेलने वाली मुंबई इंडियंस की टीम अपना पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के खिलाफ खेलेगी। मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल 2025 के शुरूआती कुछ मैचों में अपने सबसे अहम खिलाड़ी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना ही मैदान पर खेलने उतरेगी। बुमराह जो ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इस साल की शुरूआत में खेले गए आखिरी टेस्ट मैच के दौरान बैक इंजरी की वजह से बीच मैच में बाहर हो गए थे वह अब तक पूरी तरह फिट घोषित नहीं हुए हैं, जिसके चलते वह चैंपियंस ट्रॉफी में भी नहीं खेल सके थे। वहीं बुमराह ने अपनी वापसी को लेकर तैयारी तेज कर दी है, जिसमें वह एनसीए पहुंचे हैं जो मुंबई इंडियंस की टीम के लिए भी एक अच्छी खबर है।

### फिट घोषित होने पर जल्द मैदान पर करेंगे वापसी

जसप्रीत बुमराह पिछले कुछ दिनों में दूसरी बार एनसीए पहुंचे हैं, जिसमें पिछली बार जब वह पहुंचे थे तो उस समय उन्हें गेंदबाजी करने में कुछ दर्द का अनुभव हुआ था। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार इसके बाद बुमराह को कुछ दिन बाद आने की सलाह दी गई थी। इस बार जब बुमराह अब पहुंचे हैं तो ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि वह फिटनेस टेस्ट पास कर लेंगे। अगर उन्हें गेंदबाजी के दौरान किसी तरह के दर्द या अन्य कोई शिकायत नहीं होती है तो आईपीएल के 18वें सीजन में खेलने के लिए उन्हें हरी झंडी मिल जाएगी। हालांकि इसमें करीब एक सप्ताह का समय जरूर लग जाएगा जिससे बुमराह का मुंबई इंडियंस के लिए पहले 2 मैचों से बाहर होना तय है।

### जयवर्धने ने भी बुमराह की जल्द वापसी को लेकर दिया था बयान

मुंबई इंडियंस टीम के हेड कोच महेला जयवर्धने से जसप्रीत बुमराह का शुरूआती कुछ मुकाबलों से बाहर रहने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि हमें उनकी कमी जरूर खलेगी लेकिन हमें उम्मीद है कि वह जल्द ही पूरी तरह से फिट होकर वापसी करेंगे। हम लगातार उनकी फिटनेस अपडेट पर नजरें बनाए हुए हैं और हमें इंतजार करना होगा कि आगे हमें क्या अपडेट मिलती है।

# बिल गेट्स ने सचिन के साथ वड़ा पाव का लुत्फ उठाया

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक और परोपकारी बिल गेट्स ने भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सचिन तेंदुलकर के साथ एक वीडियो शेयर किया है, जिसका शीर्षक है "काम पर जाने से पहले नाश्ता करें", गेट्स द्वारा इंस्टाग्राम पर पोस्ट किए गए वीडियो के अनुसार। वीडियो में गेट्स और तेंदुलकर एक बेंच पर बैठकर वड़ा पाव का लुत्फ उठाते हुए देखे जा सकते हैं। क्लिप का अंत कैप्शन के साथ होता है, 'जल्द ही सर्व किया जाएगा।' भारत की अपनी यात्रा को याद करते हुए, गेट्स ने अपने ब्लॉग में लिखा, 'मैं नए विचारों के साथ वापस आया क्योंकि भारत स्मार्ट, महत्वाकांक्षी लोगों से भरा हुआ है जो रचनात्मक तरीकों से दुनिया की कुछ सबसे कठिन समस्याओं से निपट रहे हैं।' 'क्रिकेट के भगवान' के नाम से मशहूर तेंदुलकर के नाम टेस्ट और वन-डे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है, साथ ही 100 अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने की अनूठी उपलब्धि भी है।



# शाकिब अल हसन को ईसीबी ने गेंदबाजी करने की अनुमति दी



नई दिल्ली। बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा उनकी गेंदबाजी क्रिया को मंजूरी दिए जाने के बाद काउंटी चैंपियनशिप और द हंड्रेड में गेंदबाजी फिर से शुरू करने की अनुमति मिल गई है। सितंबर 2024 में काउंटी में अपनी एकमात्र उपस्थिति के दौरान ईसीबी द्वारा उनकी गेंदबाजी क्रिया को अवैध मानने के बाद शाकिब को शुरू में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी करने से निलंबित कर दिया गया था। समरसेट के खिलाफ सरे के लिए खेलते समय अंपायरों ने उनकी गेंदबाजी क्रिया की रिपोर्ट की, जिसके कारण उन पर प्रतिबंध लगा। 20 साल के पेशेवर करियर के बावजूद, अपनी गेंदबाजी क्रिया को लेकर किसी तरह की चिंता नहीं होने के बावजूद, शाकिब को पहली बार दिसंबर में लॉफबोरो यूनिवर्सिटी में मूल्यांकन में विफल होने के बाद गेंदबाजी से निलंबित किया गया था।

# शुक्रवार, 21 मार्च राशिफल

**मेष** : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थ पक्ष मजबूत रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-7-8-9

**वृष** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-2-7-9

**मिथुन** : कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। शुभांक-3-7-9

**कर्क** : राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह** : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रु भय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृ पक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। सिर्फ आश्वासनों से संतोष करना पड़ेगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला** : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ? के आसार रहेंगे। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। धीरे-धीरे लाभ का मार्ग प्रशस्त होगा उचित समय का इन्तजार करें। शुभांक-2-7-8

**धनु** : आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-3-6-9

**मकर** : आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। मीठे बोलने वालों से संभल कर रहें। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिलेगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-1-3-7

**मीन** : व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मेल-मुलाकात होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम होगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शुभांक-1-5-9

# सपा प्रतिनिधिमंडल ने विनोद सविता के परिजनों को दिए एक लाख

- ग्राम गढ़ी घिसिया के केदार सिंह सविता की पुलिस हिरासत में हुई थी मौत

एनएनआई



**आगरा।** समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल ग्राम गढ़ी घिसिया आगरा पहुंचा। प्रतिनिधिमण्डल में जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा, प्रदेश सचिव विनोद सविता ने पीड़ित परिवार से भेंट की और पुलिस हिरासत में मृतक केदार सिंह सविता के परिवार को एक लाख रूपए की आर्थिक सहायता दी।

बता दें कि ग्राम गढ़ी घिसिया के केदार सिंह सविता ने पुलिस हिरासत में दम तोड़ दिया था। हिरासत में मौत से स्थानीय स्तर पर बड़ा आक्रोश था। श्रीकृष्ण वर्मा के नेतृत्व में पीड़ित परिवार को एक लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की। सपा के जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव विनोद सविता ने कहा कि समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवार के हर सुख दुख में साथ है। समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का काम करेगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार को पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपए आर्थिक मदद देनी चाहिए।

प्रीतिनिधि मंडल में श्रीकृष्ण वर्मा, विनोद सविता, प्रदेश सचिव रामसहाय यादव, जिला महासचिव सुरेन्द्र चौधरी, शिक्षक सभा जिला अध्यक्ष सुलेखा श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी पवन प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र तोमर, वरिष्ठ नेता देवेंद्र यादव, बलविंदर सिंह जाटव, पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश धनगर, जिला सचिव प्रदीप सिंह जाटव, पिछड़ा वर्ग महानगर अध्यक्ष वेद प्रकाश चौधरी, हरेंद्र यादव, नरेंद्र सविता, राजीव सविता, अंकुर चौहान, मनीष कुमार जाटव शामिल रहे।

# लक्ष्मी नाराय ा शोभायात्रा से दिया एकजुटता का संदेश

## लक्ष्मी नारायण भगवान के जयकारों से गूंजा ताजगंज

एनएनआई



**आगरा।** श्री लक्ष्मीनारायण कुशवाह समाज सेवा समिति ने ढोल-नगाड़ों और बैंडबाजों के साथ लक्ष्मीनारायण भगवान की शोभायात्रा निकाली। इसमें शामिल कुशवाह समाज का हर खासो-आम उत्साहित था। मुख्य अतिथि महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह, विधायक भगवान सिंह कुशवाह और श्रीदाऊजी महाराज खाटूश्याम मंदिर के अध्यक्ष राजू गोयल रहे।

अध्यक्ष अजित कुशवाह ने बताया कि श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर 470 वर्ष पुराना है। पूर्वजों के समय से निरंतर शोभायात्रा निकाली जाती रही है। यात्रा में शामिल दो घोड़े, बैंड और बग्गी पर सवार सजे-धजे गणेश, श्रीराम चंद्र, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीता, महादेव और राधा-कृष्ण के स्वरूप में बच्चों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। अंत में भगवान श्री लक्ष्मीनारायणजी का डोला रहा।

महामंत्री केदारनाथ कुशवाह ने बताया कि ताजगंज हरजुपुरा स्थित मां दुर्गा मंदिर से यात्रा शुरू श्याम लाल मार्ग, पुरानी मंडी, तांगा स्टैंड, ताजमहल के पश्चिमी गेट होते हुए श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर पर संपन्न हुई। शोभायात्रा शाम को समिति ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह के समापन में मंच से यात्रा में स्वरूप बने बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विवेक कुशवाह, लीलाधर कुशवाह, सतीश कुशवाह, थानसिंह कुशवाह, महेश कुशवाह, प्यारेलाल, ओमप्रकाश कुशवाह, हुकुम सिंह, लोकेश, चंद्रपाल, शोभाराम, बिजेंद्र, ऋषि आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को नैतिक मूल्यों संग संस्कारों का दें ज्ञान

## शारदा विश्वविद्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन




एनएनआई

**आगरा।** शारदा विश्वविद्यालय ने रमन हॉल में एक उद्घाटन समारोह के साथ क्रूज-2025 की शुरूआत की। डीन स्टूडेंट वेलफेयर के कार्यालय द्वारा आयोजित क्रूज कल्चर फेस्टिवल छात्रों और संकाय के बीच टीम वर्क, रचनात्मकता और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए एक रोमांचक अकादमिक और सांस्कृतिक त्योहार की शुरूआत है।

शारदा विश्वविद्यालय आगरा की कुलपति प्रो. (डॉ.) जयंती रंजन ने सभी को क्रूज कल्चरल फर्स्ट 2025 की बधाई दी। कहा कि हमारा दायित्व है कि हम बच्चों में नैतिक मूल्यों के साथ-साथ उनमें संस्कार की भी वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि अगर आपके संस्कार सही है तो आपकी शिक्षा भी सही दिशा में जाएगी।

स्कूल में शिक्षा व घर पर संस्कारों को लेकर उनके साथ बातचीत की। मुख्य अतिथि उद्योगपति पूरन डावर ने कहा कि शिक्षक का काम मात्र विद्यार्थियों के रास्ते की बाधाओं को दूर करना ही नहीं बल्कि उन्हें संस्कारवान, कुशल एवं नेक इंसान बनाना भी है।

डॉ. शैलेंद्र सिंह, डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर ने एक स्वागत भाषण दिया। विशिष्ट अतिथि प्रो. दिनेश खन्ना (निदेशक, गीता शोध संस्थान, वृंदावन) और श्याम बहादुर सिंह (आईएएस, सीईओ-यूपीबीटीवीपी, वीसी-एमवीडीए) जैसे प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने ज्ञान को साझा किया। प्री-चांसलर वाईके गुप्ता ने भी छात्रों को प्रोत्साहित किया। समारोह में मेहमानों की उपस्थिति और योगदान के लिए एक स्मृति चिन्ह प्रस्तुत किया गया था।

क्रूज-2025 के दौरान कई रोमांचक गतिविधियां भी आयोजित की गई। ट्रेजर हंट ने छात्रों के समस्या समाधान कौशल को चुनौती दी, जबकि हीना ब्लिस ने उन्हें अपनी हिना कला का प्रदर्शन करने का अवसर दिया। डिबेट प्रतियोगिता ने प्रतिभागियों को अपने विचार व्यक्त करने का मौका दिया, और लघु कहानी लेखन प्रतियोगिता ने रचनात्मकता को प्रोत्साहित किया। अन्य मजेदार कार्यक्रमों में फेस पेंटिंग प्रतियोगिता शामिल थी, जहां छात्रों ने रंगों का उपयोग करके कलात्मक डिजाइन बनाए, और म्यूजिकल चेयर गेम ने अपने तेजी से दौर के साथ उत्साह लाया।

